आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

कटनी ● बुधवार, 2 फरवरी, 2022





# सिविक सेंटर उद्यान की दूर होगी बदहाली

## कुछ माह संवर जाएगी सूरत

**जबलपुर, यशभारत।** शहर के हृदय स्थल कहे जाने वाले सिविक सेंटर स्थित वर्षों से बद्हाल उद्यान आने वाले छह माह में संवर जाएगा। भंवरताल उद्यान की तरह यहां भी बच्चे मौज-मस्ती करते नजर आएंगे। बड़े-बूढ़े भी बेखौफ चहलकदमी कर सकेंगे। लोग सपरिवार यहां घूम-फिर सकेंगे।

दरअसल स्मार्ट सिटी जबलपुर करीब दो करोड़ रुपये खर्च कर सिविक सेंटर उद्यान का कायाकल्प करवा रहा है। उद्यान को संवारने के लिए जहां वर्कआर्डर जारी हो गया है, वहीं उद्यान को नए सिरे से संवारने तोड़-फोड़ भी शुरू कर दी गई है। कुछ दिन पूर्व ही उद्यान की बाहरी दीवार जेसीबी के माध्यम से तोड़ दी गई। स्मार्ट सिटी का दावा है कि उद्यान अगले छह माह में बनकर तैयार हो जाएगा।

पुरानी दीवारें तोड़ी जा चुकी है

उद्यान को संवारने के लिए उद्यान के भीतर बनी पुरानी दीवारें, रेलिंग, बदरंग व बंद पड़े फाउंटेन तोड़े जा रहे हैं। ताकि इनकी जगह नई दीवारें ,रेलिंग व एक बड़ा खूबसूरत फाउंटेन लगाया जा सके। उद्यान के भीतर तोड ?ोड़ करने के बाद क्षतिग्रस्त हो चुकी बाहरी दीवारें भी तोड़ी जा रही है। ताकि नए सिरे से दीवारों का निर्माण किया जा सके। उद्यान में प्रवेश और निकासी के लिए तीन मुख्य द्वार बनाए जाएंगे। एक चैपाटी की तरफ दूसरा मॉल और तीसरा जेडीए बिल्डिंग के सामने से होगा। उद्यान की सुरक्षा के लिए गाडोज़्ं की तैनाती भी की जाएगी।

### ऐसा बन रहा उद्यान

- लैंड फिलिंग कर उद्यान को सुंदर बनाया जाएगा।
- चारों तरफ आकषज़्ण व मजबूत दीवारें होंगी। उद्यान में नई एलइडी लगेगी।
- पैदल चलने के लिए पाथवे और टहलने के लिए मुलायम ग्रास लगाई जाएगी।
- बच्चों के खेलने के लिए अलग से किड्स प्लेइंग जोन बनाया जाएगा।
- बच्चों के लिए आकषज़्क झूले लगाए जाएंगे। बुर्जुर्गों के बैठने के लिए आरामदायक कुर्सियां होंगी।

# भ्रष्टाचारियों की मौज , शिकायतकर्ता को सजा

## भ्रष्टाचार में लिप्त जे . डी.ई को ट्रेप होने के तीन माह बाद भी नहीं हटाया जा सका

जबलपुर । म 0 प्र 0 तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने जारी विज्ञप्ति में बताया आयुक्त लोक शिक्षण म.प्र . भोपाल के द्वारा श्रीमती अनीशा बेगम मृत्य ( चौकीदार ) कार्यालय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग जबलपुर को शासकीय आवास खाली न करने के कारण निलंबित कर दिया गया , यहां उल्लेखनीय है कि श्रीमती अनीशा बेगम द्वारा दिनांक 12.10.2021 को प्रभारी संयुक्त संचालक राममोहन तिवारी अपने कार्यालय की चौकीदार अनीशा बाई

### शिकायतकर्ता महिला चौकीदार को किया गया निलंबित

से रू 21000 / - रूपये रिश्वत की मांग कर रहे थे , चौकीदार महिला द्वारा जिसकी शिकायत लोकायुक्त जबलपुर से की गई लोकायुक्त टीम द्वारा कार्यालय में संयुक्त संचालक को को रंगे हाथों ट्रेप किया गया । उसका यह परिणाम है कि विभाग द्वारा भ्रष्टाचारी संयुक्त संचालक को संरक्षण देते हुए उनके विरूद्ध आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की गई वहीं शिकायतकर्ता का निलंबन ग्वाही बदलने के उद्देश्य से किया गया है । विभाग की इस प्रकार की कार्यवाही से भ्रष्टाचारियों के हौंसले और बुलंद होंगे । संघ के योगेन्द्र दुबे , मुकेश सिंह , मन्सूर बेग आदि ने माननीय स्कूल शिक्षा मंत्री म.प्र . शासन से मांग की है कि श्रीमती अनीशा बेगम भृत्य का तत्काल निलंबन समाप्त कराकर भ्रष्टाचार के मामले में रंगेहाथों रंगेहाथों ट्रेप संयुक्त संचालक को निलंबित किया जाये ।



# सिकल सेल रोग एक गंभीर समस्या है

### रादुविवि में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ

जबलपुर । हमारे जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों में सिकल सेल रोग एक गंभीर समस्या है, ये हम सभी जानते हैं। इस रोग के उन्मूलन के लिए मध्यप्रदेश के महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री मंगुभाई पटेल के निर्देशों के परिपालन में एक कार्य योजना तैयार की गई है। हम सभी को सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन हेतु सभी बिदुओं पर विचार रखते हुये शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने का संकल्प लेना है। यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि मध्यप्रदेश में मात्र इसी संस्थान में सिकल सेल एनीमिया की जाँच होती है एवं चयनित रोगियां का इलाज भी किया जाता है। उपरोक्त उद्बोधन माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र ने सोमवार को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रीय जनजाति स्वास्थ्य अनुसंघान संस्थान, जबलपुर द्वारा सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किये। सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के लिए रादुविवि एवं राष्ट्रीय जनजाति स्वास्थ्य अनुसंघान संस्थान, जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में आदिवासी जिला मण्डला के ब्लॉक बीजाडांडी के अंतर्गत 5 गाँव तरवानी, औरेया, समनापुर, डोभी, जमुनिया को गोद लिया गया। इन गांवों में कार्यरत स्वास्थ्य विभाग के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय कुलपति कपिल देव मिश्र द्वारा आई.सी.एम.आर. में किया गया। कार्यक्रम में रादुविवि स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डॉ. संजय श्रीवास्तव ने बताया कि इस बीमारी की रोकथाम 100 प्रतिशत की जा सकती है। जरूरत है जनजागरूकता की। इसके लिए इन गांवों में निर्वाचित जनप्रतिनिधयों के सहयोग से विशेष कैम्प आयोजित कर ग्रामवासियों को इस रोग के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जायेगी।

# हिरण नदी पुल पर अनुरक्षण के कारण पांच फरवरी को मेगा ब्लॉक

**जबलपुर यश भारत। जबलपुर कटनी रेल खंड में हिरण नदी के पुल पर रेलवे द्वारा किए जाने वाले अनुरक्षण आदि के कार्य को लेकर लगभग 5 घंटे का ब्लॉक लिया जा रहा है इस ब्लॉक के चलते अनेक यात्री ट्रेनों के परिचालन में रेल प्रशासन ने कुछ बदलाव किया है।**



### रीवा शटल रद्द अनेक ट्रेन भी रहेंगी प्रभावित

इस संबंध में मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुनील कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार 5 फरवरी को जबलपुर से रीवा जाने वाली शटल गाड़ी नंबर 11705 एवं वापसी की 11706 गाड़ी को रद्द कर दिया गया है इसके साथ ही 3 यात्री गाड़ियों को इस मेगा ब्लॉक के चलते शार्ट टर्मिनेट किया जा रहा है। जिसके तहत रीवा से जबलपुर आने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस नंबर 22189 तथा अंबिकापुर से जबलपुर आने वाली इंटरसिटी नंबर 11265 को कटनी में टर्मिनेट कर के उक्त दोनों गाड़ियों को कटनी से ही वापस चलाया जाएगा इसके अतिरिक्त इटारसी से कटनी के बीच चलने वाली मेमू ट्रेन नंबर 06619 भी जबलपुर में आकर समाप्त हो जाएगी तथा वापस भी यह जबलपुर से इटारसी के बीच चलेगी। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि इसी तरह 5 फरवरी के मेगा ब्लॉक के कारण पांच गाड़ी यात्री गाड़ियों के मार्ग भी परिवर्तित किए गए हैं। जिसके तहत अपने प्रारंभ स्टेशन से 4 फरवरी को चलने वाली गाड़ियां जो कि 5 फरवरी को कटनी से गुजरती हैं उनमें दानापुर से पुणे जाने वाली ट्रेन नंबर 12150 तथा ट्रेन नंबर 11062 पवन एक्सप्रेस को कटनी स्टेशन से सागर, बीना, इटारसी खंड से चलाया जाएगा।

# कटंगी बायपास में दो बाइक भिड़ी : युवक जखमी

**जबलपुर, यशभारत।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत कटंगी बायपास के पास दरमियानी रात दो बाइक आपास में भिड़ गयीं। जिसमें एक युवक बुरी तरह जख्मी हो गया। हादसे में युवक बाइक सहित रोड से दस फिट दूर जा गिरा, जिसे आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती करवाया गया, वहीं आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मुकेश यादव ने बताया कि वह कठौंदा का निवासी है और दरमियानी रात बाइक से कटंगी जा रहा था, तभी बायपास पर एक तेज रफ्तार अज्ञात बाइक सवार ने सीधी टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

# चाकू के साथ युवक गिरफ्तार : वारदात को जा रहा था अंजाम देने, पहुंच गयी पुलिस

जबलपुर, यशभारत। गोहलपुर थाना अंतर्गत पुलिस ने एक युवक को चाकू के साथ दबोच लिया। युवक वारदात को अंजाम देने जा रहा था, लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिली थी कि एक युवक चाकू लेकर किसी वारदात को अंजाम देने जा रहा है। जिसके बाद मुस्तैद पुलिस ने आरोपी शहादत मंसूरी निवासी मंसूराबाद जबलपुर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ जारी है।

# रेलवे में सेफ्टी ड्राइव के साथ सघन चेकिंग अभियान

जबलपुर यश भारत। जबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत जबलपुर पिपरिया रेलखंड पर मंगलवार को सघन टिकट जांच अभियान के साथ सेफ्टी ड्राइव चलाई गई। सहायक वाणिज्य प्रबंधक पंकज दुबे के नेतृत्व में चल टिकट निरीक्षकों ने पवन एक्सप्रेस, संघमित्रा एक्सप्रेस, जनता एक्सप्रेस, राजकोट, महानगरी एक्सप्रेस सहित लगभग एक दर्जन यात्री गाड़ियों में दिनभर जांच अभियान किया इस दौरान सेफ्टी को देखते हुए वेंडर्स रेल यात्रियों तथा स्टेशन पर कार्यरत कर्मचारियों को मास्क ना पहनने पर आर्थिक जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही ट्रेनों में खानपान की सामग्री की गुणवत्ता की जांच भी की गई। इस कार्यवाही में रेलवे निरीक्षकों ने 208 प्रकरण दर्ज करते हुए 1 लाख 40 हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया ।

# बरगी में घर में आरोपी ने खोल लिया पेट्रोल पंप 180 लीटर डीजल और 50 लीटर पेट्रोल जब्त

**जबलपुर, यशभारत।** बरगी थाना अंतर्गत एक युवक से पुलिस ने बड़ी मात्रा में पेट्रोल और डीजल जब्त किया है। आरोपी घर से ही अवैध रुप से ज्वलनशील पदार्थ बेंच रहा है। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने घर में दबिश देकर आरोपी को दबोच लिया। जिससे पूछताछ जारी है। जानकारी अनुसार बरगी थाना प्रभारी रीतेश पांडे ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि बरगी नगर निवासी मोहम्मद मकशूद उर्फ मक्कू खिलाफ सूचना मिली थी कि वह घर से अवैध तरीके से पेट्रोल और डीजल बेंच रहा है। जिसके बाद दबिश देकर आरोपी को गिरफ्ँतार कर लिया।

# जब युवक ने पत्नी को आंख में मारी लात : धूप सेंकने को लेकर दोनों के बीच हुआ विवाद

**जबलपुर, यशभारत।** हनुमानताल थाना अंतर्गत धूप सेंक रही पत्नी के साथ मारपीट कर आरोपी पति फरार हो गया। दरअसल पति को पत्नी का बैठे रहना पसंद नहीं था। इसी दौरान पति ने पत्नी के आंख के पास वार कर, घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार श्रीमती नाजमीन बानो 34 वर्ष निवासी हड्डी गोदाम ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि जब वह अपनी बेटी कसक को लिये बैठी थी तभी पति मोहम्मद आमीन आये और गाली गलौज करने लगे। इसी बात पर से पति ने हाथ मुक्कों से मारपीट कर उसे आंख के पास चोट पहुॅचा दी पड़ौसियों ने बीच बचाव किया तो पति जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

Trusted | Since- 2009
CCTV CAMERA Sales & Sarvice
C.P. Plus, Hikvision, Dahua
AUTH.DEALER- G.S.ELECTRONIC 0% फायनेंस उपलब्ध हैं।
शॉप नं. 127, कछपुरा ब्रिज, हनुमान मंदिर के सामने, संजीवनी नगर, गढ़ा जबलपुर Mob:-9131193852, 9098983263

स्माईल्स by डॉ. शंकरन
व्यापक दंत चिकित्सा एवं मौखिक स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र
केयर ऑफ मंजूषा नर्सिंग एवं मेटरनिटी होम किंग्सवे मेन रोड, सदर बाजार, जबलपुर (म.प्र.) 482001
0761-4098765, मो.9826110610
Website-www.smilesbydrshankaran.com
Email-info@smilesbydrshankaran.com
dr.abhilash@rocketmai.com
डॉ. अभिलाष शंकरन
बी.डी.एस., एम.डी.एस., (कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एण्ड एंडोडॉटिक्स) रजि नं. A- 1918
रूट कैनाल एवं सौंदर्य दंत चिकित्सा विशेषज्ञ
यहाँ दांतों की सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज विशेषज्ञ द्वारा किया जाता है।
-: सुविधाएँ उपलब्ध :-
दंतों की नस का इलाज ( रूट कैनाल ट्रीटमेंट ), कॉस्मेटिक डेंटिल फिलिंग।, दंतों के पीलेपन का उपचार ( डेंटल ब्लीचिंग )।, डेंटल एक्सरे।, दंतों की सफाई ( स्केलिंग ) एवं पायरिया रोग का उपचार।, फिक्स दॉत लगवाना ( सिरामिक एवं मेटल )।, टेढ़े दातों का इलाज ( आर्थोडोन्टिक ट्रीटमेंट )।, बत्तीसी लगवाना- फिक्स एवं निकालने वाली ( डेन्चर )।, बच्चों के दांतों का इलाज ( पीडोडोन्टिक ट्रीटमेंट )।, डेंटल इम्प्लांट।, डेन्टल ज्वेलरी।, सड़े हुए दातों को निकालना ( डेंटल एक्सट्रैक्शन )।

# पमरे के जबलपुर मंडल में 36 रेल कर्मचारी सेवानिवृत्त

जबलपुर यश भारत। पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर मंडल पर माह जनवरी 2022 में 36 रेल कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। मंडल रेल प्रबंधक संजय विश्वास के मार्गदर्शन में अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता के निर्देशानुसार इस माह सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति से संबंधित दस्तावेज एवं सिल्वर प्लेटेड गोल्ड मेडल प्रदान किये गये। इस माह सेवानिवृत्त कर्मचारियों का भुगतान एन.ई.एफ.टी. से माध्यम से किया गया। इस माह सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों में सें प्यारे लाल, हेल्पर, इंजीनियरिंग, सतना ने 39 वर्ष 03 माह 29 दिन, अनिल कुमार चित्रकार, मुख्य गाडी लिपिक, जबलपुर ने 37 वर्ष 03 माह 02 दिन एवं अंगद प्रसाद त्रिपाठी, एमसीएम, डीजल शेड, नकज ने 36 वर्ष 10 माह 16 दिन की अधिकतम रेल सेवा पूर्ण की है।

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

महाकोशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घण्टे
Life Care ICU. मुखर्जी हॉस्पिटल
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम एवं सुविधाएं:-
डॉ अभिजीत मुखर्जी ( वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ )
डॉ हर्ष सक्सेना ( वरिष्ठ न्यूरो सर्जन )
डॉ तरून नागपाल ( वरिष्ठ न्यूरोलोजिस्ट )
डॉ विशाल वडेरा ( वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ )
डॉ एम. चंसौरिया ( वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ )
डॉ प्रशांत कुशवाहा ( वरिष्ठ न्यूरो सर्जन )
डॉ पुनीत भल्ला ( एम.डी. काडियोलॉजिस्ट )
डॉ अखिलेश पटेल ( छाति एवं सांस रोग विशेषज्ञ एम.डी )
डॉ नेहा चंसौरिया B.D.S. M.D.S ( वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ )
covid-19 संबंधित हर इलाज, सांस फूलना, फेफड़ों की बीमारी, महाकौशल का सबसे आधुनिक वेंटिलेटर उपलब्ध, हड्डी की चोट, सर की चोट, हेड इंज्यूरी, जहरीली वस्तु का सेवन, ( POISON-UNIT ) बर्न यूनिट, डायलिसिस सुविधा, उच्च स्तरीय ट्रेन्ड नर्सिंग- पैरा मेडिकल स्टाफ, भर्ती मरीजों के लिए डायटिशियन द्वारा बताया गया भोजन, नि:शुल्क उपलब्ध।
पता:- 1933,प्रेम मंदिर के पास राइट टऊन, जबलपुर, संपर्क सूत्र:-7049079825, 9300920067
हॉस्पिटल फोन:- 0761- 4038666, जबलपुर का प्रथम CRITICAL CARE हॉस्पिटल (E-mail:- lifecareicujbp@gmail.com)





# आत्मनिर्भर भारत का बजट 3 केंद्र सरकार का बजट

जबलपुर, यशभारत। भारतीय जनता पार्टी के कोषाध्यक्ष सीए अखिलेश जैन ने कहा कि गांव , गरीब , किसान का बजट है । पूंजीगत खर्चे ब?ाना , आयकर गणना में कोई चूक पर 2 वर्ष में सुधार का समय देना , 1486 कानूनों को रद्द करके व्यवसाय में सरलता , सहकारी समिति को कर की दर 15- करना , स्वयं की डिजिटल करेंसी तैयार करना और उसके नियंत्रण पर 30- कर लगाना , 63 हजार करो? से अधिक का विदेशी मुद्रा भंडार होना अर्थव्यवस्था के अच्छे संकेत हैं । राष्ट्रीय पेंशन योजना पर राज्यों का अंशदान भी 14- होने के कर्मचारियों को फायदा होगा । राज्यों को 1 लाख करो? का बिना ब्याज के ऋण उपलब्ध कराना , नलजल योजना , प्रधानमंत्री आवास योजना , नदियों को जो?ने हेतु , स्वास्थ्य , शिक्षा , हेतु 2.70 लाख करो? का प्रावधान सहित किसानों अधिक राशि के आबंटन से सभी को फायदा होगा ।

## आम जनता के उम्मीदों पर धक्का लगा है

सीए धीरज घई ने बजट को लेकर कहा कि मध्यम वर्गीय के टैक्स स्लैब में रेट कम न होने के कारण आम जनता कि उम्मीदों को काफी धक्का लगा है। इसी प्रकार 80 सी कि सीमा न ब?ने के कारण भी आम आदमी निराश है। इनकम टैक्स को रिसीव करने कि सीमा जरूर ब?ाई गई पर उसमें भी एडीशनल टैक्स लगाकर व्यापारी वर्ग की कमर तो? दी गई । एलटीसीजी टैक्स का रेट कम करना सराहनीय कदम है। नए व्यापार को चालू करने व बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए कोई

आवश्यकता है हेल्थ एवं लाइफ इंश्योरेंस
विश्व की बहुचर्चित कंपनी में कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। मार्केटिंग वालों को प्रथम प्राथमिकता
योग्यता- 10वीं से स्नातक
शीघ्र संपर्क करें
वेतन 5 अंकों में
मो. 9300068860, 7987249262

श्री लक्ष्मी मेडिकल
यहां सभी प्रकार की दवाईयां उपलब्ध, साथ ही पायें 15 से70 प्रतिशत तक की छूट
त्रिवेणी हेल्थ केयर के सामने राइट टाउन स्टेडियम के पास
मो. 9977213219,7691912082

प्रो. प्रेरणा रोहरा
कुल्हड़ वाला - गरमागरम
केसर दूध
सूखे मेवे से भरपूर
विजय नगर, एकता चौक, जेन्ट्री गेट के नीचे
शाम- 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक (अवश्य पधारें) मो. 7974758785

Roasted Food Junction
न्यू शो रूम
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
मकर संक्रांति के फ्रुट आयटम उपलब्ध
चना रेबड़ी गजक ड्रायफ्रूट
नमकीन तोस लईया लड्डू भेल
AK's Pure & Tasty Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304

AN ISO 9001-2008 CERTIFIED Co.
डीसेन्ट फुटवेयर
मैरिज स्पेशल शूज
Exclusive Party Shoes
करमचंद चौक, जबलपुर
प्रो. आकाश श्रीवास्तव
मो.: 9425159114, 8982481114

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
खरीदी हेतु आमंत्रित
लक्ष्मी एम्पोरियम
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल, कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी रंग डिजाइन, मिंक कम्बल, रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

अब नये परिवेश में
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्नाशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कम्बल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने
3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त


# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 16 अंक 3- ● जबलपुर ● बुधवार, 2 फरवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ शुक्ल पक्ष-1/2 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

**फटाफट खबरें**



### तिरंगे के रंग में रंगा गया आंध्र प्रदेश का जिन्ना टावर

आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले में जिन्ना टॉवर को तिरंगे के रंग में रंग दिया गया है। इस टॉवर के नाम को लेकर विवाद जारी है। इस बीच लोकल विधायक मोहम्मद मुस्तफा ने इस पर तिरंगे का रंग चढ़ा दिया। मोहम्मद मुस्तफा ने इसे लेकर कहा कि कई लोगों ने उनसे इसे लेकर अनुरोध किया था, जिसके बाद यह फैसला लिया गया है। इस साल 26 जनवरी पर हिंदू वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने इस टॉवर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने की कोशिश की थी।

**10वीं-12वीं का मामला**

### 2003 से पहले की मार्कशीट में 3 महीने बाद नहीं हो सकेगा बदलाव



भोपाल । माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं व 12वीं में मार्कशीट व फोटो कॉपी संबंधी डॉक्यूमेंट को लेकर कुछ बड़े बदलाव किए हैं। 2003 और उससे पहले के वर्षों की मार्कशीट में बदलाव 3 महीने बाद नहीं हो सकेगा। इस बदलाव के लिए आवेदन अगले 3 महीने बाद नहीं लिए जाएंगे। मंडल ने इन बोर्ड कक्षाओं की मार्कशीट को लेकर जरूरी कामों को वर्ष के आधार पर 3 हिस्सों में बांटा है। 1971 से 2002 तक के फोटोकॉपी डाक्यूमेंट्स के लिए ऑफलाइन और ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। 2003 एवं उसके बाद के वर्षों के लिए आवेदन पहले जैसे होंगे।

### इंदौर में पॉवर हाउस में लगी भीषण आग



इंदौर में स्क्क्ष्क्क के पॉवर हाउस कैम्पस में ग्रिड डीपी में आग लग गई। ये आग रात करीब 3 बजे लगी। इसके बाद कई इलाकों की बिजली बंद हो गई। आग तेजाजी नगर थाना इलाके के लिम्बोदी स्थित पॉवर हाउस में लगी थी।

# 3 आरोपी गिरफ्तार

# महाराष्ट्र के ठाणे में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद



**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे में क्राइम ब्रांच ने भारी मात्रा में विस्फोटक के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक हजार जिलेटिन स्टिक और डेटोनेटर मिले हैं। यह तीनों अपराधी इस विस्फोटक सामग्री को भिवंडी में किसी को सप्लाई करने वाले थे। मंगलवार देर शाम पकड़े गए तीनों आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। कई अहम सुराग हाथ लगने की बात कही जा रही है।

### जांच में पकड़ी गई कार

पुलिस ने बताया कि मुखबिर से उन्हें इसकी सूचना मिली थी। गुप्त सूचना के आधार पर कारज़्वाई करते हुए दोपहर तीन बजे निजामपुरा पुलिस थाना एरिया के नाडी नाका में एक मारुति ईको कार को रोका गया और उसमें से विस्फोटक सामग्री बरामद की गई। इस कार के अंदर जिलेटिन की एक हजार छड़ें और कुछ डेटोनेटर रखे थे। यह जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

### कौन हैं आरोपी

मौके से पकड़े गए तीनों लोगों की पहचान अल्पेश पाटिल, पंकज चह्वाण और समीर वेद्रा के रूप में हुई। लघर जिले के विक्रमगढ़ के

### भिवंडी में करने वाले थे सप्लाई

निवासी हैं। तीनों से पूछताछ की जा रही है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपियों ने विस्फोटक चुराए थे और उसे कहीं बेचने की योजना थी। निजामपुरा पुलिस ने भारतीय दंड संहिता और विस्फोटक अधिनियम की धाराओं के तहत इस सिलसिले में एक मामला दजज् किया है।बता दें कि पिछले साल 25 फरवरी को कारोबारी मुकेश अंबानी के घर एंटीलिया के बाहर भी जिलेटिन की छड़ों से भरी एक कार मिली थी। जिस कार में जिलेटिन की छड़ें मिली थीं, वह कार एक कारोबारी मनसुख हिरेन की थी। मनसुख हिरेन का कुछ दिन बाद शव मिला था।

## भारत को देखने का दुनिया का नजरिया बदल गया है, ये नए संकल्पों की सिद्धि का समय है



**कानपुर ।** मोदी बुधवार को आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था पर वर्चुअल संबोधन कर रहे हैं। मोदी इस संबोधन में बजट पर अपनी बात रखी। कहा कि आजादी के 75 वें वर्ष में 100 साल में आई सबसे ब ?ी महामारी पूरी दुनिया के लिए चुनौतियों लेकर आया है। दुनिया चौराहे पर ख ?ी हो गई है। आगे की दुनिया वैसी नहीं होगी, जैसे कोरोना से पहले थी। भारत को देखने का दुनिया का नजरिया बदल गया है। दुनिया अब भारत को ज्यादा मजबूत देखना चाहती है। हमारे लिए जरुरी है कि हम अपने देश को तेजी से आगे ब ?ाएं। मजबूती लाएं। ये समय नए अवसरों का है। नए संकल्पों की सिद्धि का समय है। बहुत जरुरी है कि हम आत्मनिर्भर बने। आत्मनिर्भरता की नींव पर आधुनिक भारत का निर्माण हो।बीते 7 सालों में जो निर्णय लिए गए हैं, उस वजह से आज भारत की अर्थव्यवस्था का निरंतर विस्तार हो रहा है।

हादसे से बस में सवार यात्रियों में अफरा तफरी

# तेज रफ्तार बस के पलटने से 40 यात्री घायल



**जशपुर नगर।** तेज रफ्तार यात्री बस अनियंत्रित हो कर सड़क के किनारे पलट गई। हादसे में,बस में सवार 40 यात्री घायल हुए हैं। उन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना तड़के तकरीबन तीन बजे की है। जानकारी के मुताबिक रायपुर से रांची चलने वाली महिंद्रा बस,बुधवार की सुबह कुनकुरी से जशपुर के लिए रवाना हुई रही। बस अभी दुलदुला थाना क्षेत्र के चराईडांड के पास पहुंची थी कि एक तीखे मोड़ में तेज रफ्तार बस, चालक के काबू से बाहर हो गई और अनियंत्रित हो कर स ?क किनारे पलट गई। रात के अंधेरे में हुए हादसे से बस में सवार यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। बस पलटने की तेज आवाज सुनकर आसपास के स्थानीय रहवासी घर से बाहर निकल आए। उन्होंने बस में फंसे हुई मुसाफिरों को बाहर निकालने के साथ ही घायल यात्रियों की मदद के लिए एम्बुलेंस और पुलिस विभाग को सूचना दी। घायल यात्रियों को कुनकुरी के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। जानकारी के लिए बता दे कि जिले में वाहनों का रफ्तार लगातार कहर बरसा रहा है। पुलिस विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जिले में बीते साल 326 सड़क हादसों में 211 लोगो ने जान गवाई थी और 196 घायल हुए थे।

### प्रयागराज में किसान की ईंट से कूचकर हत्या, झोपड़ी के अंदर मिला शव

**लखनऊ।** प्रयागराज में एक किसान की ईंट से कूचकर हत्या कर दी गई। किसान का शव बुधवार को झोपड़ी में पड़ा मिला। परिजनों ने बताया कि वो रात में 9 बजे घर से निकले थे। उसके बाद दिखे नहीं। जानकारी मिलने पर पुलिस पहुंची और घटनास्थल की जांच कर साक्ष्य जुटाए।पुलिस प्रथम दृष्टया रंजिश और लेनेदेन के विवाद के एंगल पर जांच कर रही है। स्क्कगंगापार अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि परिजनों ने तहरीर दी है।

# शबाना आजमी हुई कोरोना पॉजिटिव



**नई दिल्ली।** भारत कोरोना वायरस और इसके नए वैरिएंट ओमिक्रोन से जूझ रहा है। हालांकि अब संक्रमण की रफ्तार कम हो रही है। हालांकि फिल्म और टीवी इंडस्ट्री अभी भी हॉटस्पॉट बना हुआ है। लगातार सेलेब्स के पॉजिटिव होने की रिपोर्ट सामने आ रही है। अब इस लिस्ट में एक्ट्रेस शबाना आजमी का भी नाम जु ? गया है। हाल ही में शबाना ने सोशल मीडिया पर बताया कि उन्हें कोरोना हो गया। उन्होंने खुद को घर में क्वारंटाइन कर लिया है।शबाना आजमी ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि मैं आज कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गई हूं।

### कन्हैया पर केमिकल फेंका, प्रदर्शनकारी बोला- ये देशद्रोही...

# जो देश का नहीं हुआ वह यूपी का क्या होगा?

**लखनऊ।** कांग्रेस मुख्यालय में कार्यक्रम में कुछ लोगों ने कांग्रेस के स्टार प्रचारक कन्हैया कुमार और उनके समर्थकों पर केमिकल फेंका। अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ये केमिकल क्या था? हालांकि इससे कन्हैया और उनके समर्थकों का कहना है कि इससे चेहरे और शरीर जलन महसूस हो रही है। केमिकल फेंकने वाले देवांश वाजपेयी को लोगों ने पक ? लिया। उसने कहा कि कन्हैया देशद्रोही है। इसका प्रोग्राम लखनऊ में क्यों होना चाहिए। जो देश का नही, वो हमारा कैसे हो सकता है।



कांग्रेस मुख्यालय में कार्यक्रम था। लोग कन्हैया का इंतजार कर रहे थे। कार्यक्रम में कन्हैया देरी से पहुंचे। जैसे ही वो मंच की ओर ब ?, कुछ युवकों के एक समूह ने उनके ऊपर लिक्विड फेंका। इससे अफरा तफरी मच गई। लोगों ने एक प्रदर्शनकारी देवांश वाजपेयी को मौके पर ही पक ? लिया।

कांग्रेस का आरोप- ये काम एबीवीपी का

कांग्रेसियों का आरोप है कि ये काम एबीवीपी कार्यकर्ताओं का है। वो कांग्रेस के कार्यक्रम को नहीं होने देना चाहते। वे नहीं चाहते कि लोकतांत्रिक ढंग से कोई अपनी बात रखे। कन्हैया कहीं लोगों के बीच हीरो न बन जाए, इससे ये डरे हुए थे।भाजपा का आरोप-सुनने वाले लोग नहीं थे, इसलिए ड्रामाभाजपा का आरोप है कि कन्हैया के कार्यक्रम में कुर्सियां खाली थीं।

### जांच में खरा उतरा यशभारत का हर दावा

# काम के बदले दाम मांगने वाला सहायक यंत्री निलंबित

विक्रांत पटैल

**नरसिंहपुर यभाप्र। यश भारत के परत दर परत खुलासे के बाद आखिर नपा का भ्रष्ट सहायक यंत्री निलंबित हो गया। प्रकरण को लेकर यशभारत का हर दावा खरा उतरा, और अब संभागीय कार्यालय में फाइलें खंगालेगा शिवहरे। जिले के क्रियाशील कलेक्टर रोहित सिंह के प्रतिवेदन पर कमिश्नर नगरीय प्रशासन ने शिवहरे को निलंबित कर दिया। यशभारत लगातार शिवहरे प्रकरण में तथ्यात्मक खबर प्रकाशित कर रहा था जिसको संज्ञान में ले कलेक्टर ने जाँच दल गठित किया था। भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार यशभारत ने आवाज उठाई जिसका असर शिवहरे के निलंबन के रूप में सामने आया। हालाँकि सिवनी जिले के बैक अकाउंट की जाँच अभी बाकि है। निलंबन अवधि में शिवहरे का मुख्यालय संयुक्त संचालक कार्यालय जबलपुर होगा।**

नगर पालिका नरसिंहपुर में भवन अनुज्ञा में दाम के बदले काम का खेल सहायक यंत्री अभिषेक शिवहरे बेखौफ खेल रहा था जिसकी खबर सबसे पहले **यश भारत** ने प्रकाशित की उसके बाद शिवहरे के भ्रष्टाचार के एक के बाद एक प्रमाण सहित खुलासे किए जिसको संज्ञान में ले कलेक्टर रोहित सिंह ने जाँच दल बनाया। जाँच दल ने संबंधितों के बयान ले रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी। जाँच दल की रिपोर्ट का प्रतिवेदन कलेक्टर ने कमिश्नर नगरीय प्रशासन को सौंपा जिस पर कमिश्नर ने एक्शन लेते हुए शिवहरे को




निलम्बित किया ।

कलेक्टर नरसिंहपुर ने अपने फेसबुक पेज पर प्रकरण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि निलंबन अवधि में शिवहरे का मुख्यालय संभागीय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास जबलपुर संभाग का कार्यालय रहेगा। निलंबन अवधि में शिवहरे को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

**यशभारत की मुहिम के बाद कलेक्टर के प्रतिवेदन पर कमिश्नर की कार्यवाही**

### इन आरोपों का दोषी पाया गया शिवहरे

कलेक्टर के निर्देश पर जांच कर रहे अनुविभागीय राजस्व अधिकारी राजेश शाह, तहसीलदार महेन्द्र पटैल ने जांच के दौरान शिवहरे को भवन अनुज्ञा की आवेदक पुष्पा दुबे के प्रकरण को समय सीमा में निराकृत न करने का दोषी पाया। साथ ही उक्त आवेदन का निराकरण जांच दिवस 28 जनवरी को करना पाया। सीएमओ नरसिंहपुर ने भी जांच दल को शिवहरे के संतोषजनक कार्य न करने की जानकारी दी थी। शिवहरे की अक्सर कार्यालय से अनुपस्थिति और अप-डाउन भी जांच में सामने आया था। राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी को भी शिवहरे की अनुपस्थिति जांच दल के सामने आयी थी। अनुविभागीय राजस्व अधिकारी ने अपने जांच प्रतिवेदन में शिवहरे के विरूद्ध अनुशानात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की थी। शिवहरे के कृत्य को स्वेच्छाचारिता, अपने कर्त्तव्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता का द्योतक मनाते हुए मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम के अनुकूल नही पाया गया।

### नागरिकों ने दी हर्ष मिश्रितप्रतिक्रियाएं

**यशभारत** की खबर के असर के बाद हुए शिवहरे के निलंबन की जानकारी सार्वजनिक होते ही नागरिकों ने हर्ष मिश्रितप्रतिकियाएं दी है। विभिन्न सोशल मीडिया समूहों पर लोगों ने जहां **यशभारत** की मुहिम की जमकर तारीफ की वहीं प्रकरण को गंभीरता से लेते शिवहरे को दंडित कराने वाले कलेक्टर रोहित सिंह के प्रति भी नागरिकों ने साधुवाद ज्ञापित किया है।




### कोरोना देश में | 1.58 लाख केस लगातार मिल रहे

# 2 दिन 2 लाख केस 1,721 लोगों की मौत

नई दिल्ली। देश में 1.58 लाख मामले सामने आए। इस दौरान 2.80 लाख लोग ठीक हुए, जबकि 1,721 लोगों की मौत हुई है। इससे एक दिन पहले सोमवार को 1,67,059 लोग संक्रमित मिले थे। पिछले दिन के मुकाबले 8,522 कम संक्रमित मिले हैं, यानी नए केस में 5.37: की कमी देखी गई है।लगातार दूसरे दिन देश में 2 लाख से कम नए केस मिले हैं। पीक से पहले केस ब ?ने के दौरान 8 जनवरी को 1.59 लाख केस मिले थे, 20 जनवरी को सबसे ज्यादा 3.47 लाख नए केस मिले थे। 20 जनवरी के बाद से कोरोना केस में लगातार गिरावट देखी जा रही है।फिलहाल देश में कुल एक्टिव केस, यानी इलाज करा रहे मरीजों की संख्या 16.13 लाख है। पिछले दिन के मुकाबले एक्टिव केस की संख्या में करीब 1,23,323 की कमी हुई है। कुल केस 4.16 करोड़ के पार पहुंच गए हैं। हेल्थ मिनिस्ट्री के मुताबिक, देश में दर्ज की गई 1,721 मौतों में 1,063 मौतें केरल में पिछले दिनों के दौरान हुई हैं, जिनके आंकडे अभी जोड़े गए हैं।



### सबसे ज्यादा प्रभावित राज्यों के हाल

पिछले दिन के मुकाबले नए केस में 23: की बढोतरी यहां मंगलवार को 51,887 नए संक्रमित मिले हैं, जबकि 40,383 मरीज ठीक हुए हैं और 142 लोगों की मौत हुई। इससे एक दिन पहले सोमवार को 42,154 नए संक्रमित मिले और 91 लोगों की मौत हुई थी। सोमवार के मुकाबले मंगलवार को नए केस में 9,733 की बढोतरी हुई है।महामारी की शुरुआत से अब तक यहां कुल 60.77 लाख लोग संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। इनमें से 56.53 लाख लोग ठीक हो चुके हैं, जबकि 55,600 लोगों की मौत हो गई।

# यूपी में भाजपा ने घोषित किए 17 प्रत्याशी

लखनऊ। आखिरकार लंबे इंतजार के बाद मंगलवार देर रात भाजपा ने लखनऊ की 9 विधानसभा समेत 17 सीटों पर नामों की लिस्ट जारी कर दी है। इसमें कई चैकाने वाले नाम हैं। लखनऊ की सरोजनीनगर सीट से विधायक और योगी सरकार में मंत्री स्वाति सिंह का टिकट काट दिया है। यहां पर स्वाती सिंह के साथ ही उनके पति दयाशंकर भी दावेदारी कर रहे थे। पति-पत्नी की इस ल ?ाई का फायदा राजेश्वर सिंह को मिला। राजेश्वर सिंह ईडी के ज्वाइंट डायरेक्टर रहे हैं। हाल में ही वीआरएस लेकर भाजपा में शामिल हुए हैं।लखनऊ की सबसे हॉट सीट कैंट विधानसभा सीट कैबिनेट मंत्री बृजेश पाठक को मिली है। बृजेश पाठक मध्य विधानसभा से विधायक हैं, लेकिन पार्टी ने उन्हें राजधानी के सबसे सेफ सीट दी है। मंत्री आशुतोष टंडन को पूर्व विधानसभा से ही टिकट मिला है। कहा जा रहा है कि पार्टी इनकी सीट बदलना चाहती थी, लेकिन मंत्री इसके लिए तैयार नहीं थे।लखनऊ के 9 विधानसभा सीटों में से एक मंत्री और दो विधायकों का टिकट पार्टी ने काट दिया है।




## प्रधानमंत्री ग्रामीण और शहरी आवास योजना का भी लाभ मिलेगा

# सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के प्रयासों को मिलेगी सहायता

## राज्य सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात में चार प्रतिशत तक कर्ज लेने का प्रावधान

**भोपाल।** केंद्र सरकार के बजट में की गई घोषणाओं में मध्य प्रदेश के विकास के लिए काफी संभावनाएं दिख रही हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जो अनुरोध किए थे उनमें से कई को केंद्र सरकार ने माना है। कोरोना काल में आर्थिक गतिविधियों को जारी रखने के लिए केंद्र ने एक प्रतिशत अधिक ऋण लेने की सुविधा राज्य को दी थी। बजट में राज्य सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात में चार प्रतिशत तक ऋण लेने का प्रविधान किया गया है। इस माध्यम से सरकार 40 हजार करोड़ रुपये तक ऋण आगामी वित्तीय वर्ष में ले सकेगी। इससे प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। ऊर्जा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने पर आधा प्रतिशत अतिरिक्त ऋण लेने की सशर्त अनुमति भी दी गई है। इसको लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्र से आग्रह भी किया था। प्रदेश को प्रधानमंत्री ग्रामीण और शहरी आवास योजना का भी लाभ मिलेगा। करीब तीस लाख हितग्राहियों की सूची तैयार हो चुकी है। अब इसका प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जाएगा।




### कृषि विकास को मिलेगी गति

– अनाज की खेती को प्रोत्साहन देने के साथ प्रसंस्करण और ब्रांडिंग पर काम किया जाएगा। प्रदेश में मक्का, बाजरा, ज्वार सहित अन्य मोटे अनाज का क्षेत्र भी लगातार बढ़ रहा है। कालेजों में जैविक और उद्यानिकी विषय पर पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जा चुके हैं। कृषि से जुड़े उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए बैंकों से प्रस्ताव स्वीकृत कराए गए हैं। फसल चक्र परिवर्तिन के लिए किसानों को प्रेरित किया जा रहा है।

### बुंदेलखंड की दिशा और दशा बदलने का समय

सूखा प्रभावित बुंदेलखंड की दिशा और दशा बदलने का समय आ गया है। पन्ना जिले में प्रस्तावित केन–बेतवा लिंक परियोजना के लिए भारत सरकार ने केंद्रीय बजट में एक हजार 400 करोड़ रुपये का प्रविधान कर दिया है। इससे न सिर्फ मध्य प्रदेश के हिस्से के बुंदेलखंड का सूखा समाप्त होगा, बल्कि उत्तर प्रदेश के हिस्से वाले बुंदेलखंड में भी पानी पहुंचेगा। परियोजना से दोनों राज्यों में आठ लाख 80 हजार हेक्टेयर में सिंचाई हो सकेगी, वहीं कई गांव व शहरों का पेयजल संकट भी दूर हो जाएगा। क्षेत्र का औद्योगिकीकरण होने से रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। केन–बेतवा देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना है। वर्ष 2005 में स्वीकृत इस परियोजना पर अब बजट मिलने के बाद निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। इससे मध्य प्रदेश के पन्ना, छतरपुर, दमोह, टीकमगढ़, निवाड़ी, सागर, रायसेन, विदिशा, शिवपुरी और दतिया जिले को सिंचाई और पेयजल के लिए पानी मिलेगा। गैर वर्षाकाल (नवंबर से मई तक) में दौधन बांध से मध्य प्रदेश को 1834 एमसीएम (मिलियन क्यूबिक मीटर यानी 1834 अरब लीटर) और उत्तर प्रदेश को 750 एमसीएम (750 अरब लीटर) पानी मिलेगा। सामान्य वर्षाकाल में मध्य प्रदेश को दो हजार 350 और उत्तर प्रदेश को एक हजार 700 एमसीएम (अरब लीटर) वार्षिक जल मिलेगा।

## मध्यप्रदेश के छोटे व मझोले उद्योगों को बढ़ावा

बजट में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त ऋण की सुविधा का प्रविधान किया है। शिवराज सरकार सर्वाधिक फोकस इस क्षेत्र पर ही कर रही है। फर्नीचर, खिलौना सहित 13 क्लस्टर स्वीकृत हो चुके हैं और कुछ प्रस्तावित हैं। कौशल उन्नयन के लिए दो प्रशिक्षण केंद्र स्वीकृत हो गए हैं और दो प्रस्तावित हैं। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के माध्यम से बैंकों से ऋण भी स्वीकृत कराए जा रहे हैं। डाक घरों को कोर बैकिंग से जोड़ा जाना है। प्रदेश में आठ हजार डाक घरों से ग्रामीणों को फायदा मिलेगा।




## भोपाल में 5675 सैंपल की जांच में कोरोना के 1,112 मरीज मिले, दो की मौत

**भोपाल।** शहर में कोरोना की तीसरी लहर के दौरान संक्रमण के प्रकोप से कुछ राहत मिली है। भोपाल में मंगलवार को कोरोना के 5675 सैंपल की जांच में 1112 मरीज मिले हैं। 10 दिन पहले मरीजों की संख्या 21 सौ से ऊपर पहुंच गई थी। लगातार तीन दिन तक रोज मिलने वाले मरीजों का आंकड़ा 2100 के ऊपर था। इसके बाद मरीजों की संख्या लगातार घटते हुए इस स्तर पर आई है। संक्रमण दर भी पिछले 10 दिन से 25 फीसद से ऊपर थी, जो मंगलवार को 20 फीसद पर आ गई। भोपाल में लगातार दूसरे दिन भी कोरोना से दो मरीजों की मौत हुई है।कोरोना संक्रमण की शुरुआत से लेकर अभी तक भोपाल में एक लाख 60 हजार मरीज मिल चुके हैं। शहर में सक्रिय मरीजों की संख्या फिलहाल 10,870 है। इनमें 10,737 मरीज होम आइसोलेशन में है। बाकी का निजी और सरकारी अस्पतालों में इलाज चल रहा है। भोपाल के प्रमुख सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों का कहना है कि जांच में जितने मरीज आ रहे हैं, हकीकत में मरीजों की संख्या 4 से 5 गुना ज्यादा है। दरअसल, मरीज जांच कराने के लिए ही नहीं पहुंच रहे हैं। इस कारण सही संख्या पता नहीं चल रही है।

### 15 से 18 साल वालों को आज से स्कूलों में भी लगेगी दूसरी डोज

15 से 18 साल तक के किशोर–किशोरियों को कोरोनारोधी टीका की दूसरी डोज लगाने की शुरुआत 31 जनवरी से हो चुकी है। 2 दिन सिर्फ अस्पतालों में ही टीका लगाया गया, लेकिन आज से स्कूलों में बड़े स्तर पर टीकाकरण शुरू किया जाएगा। बुधवार को शहर के 240 स्कूलों को टीकाकरण केंद्र बनाया जाएगा। इन स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधन की तरफ से सूचित किया जाएगा। बता दें कि भोपाल में कुल एक लाख 53 हजार किशोर–किशोरियों को टीका लगाने का लक्ष्य था। इसके मुकाबले 01 लाख 70 हजार को पहली डोज लगाई जा चुकी है।

# एमपी में अचानक आ गई गर्मी? लोग हैरान

## मौसम के मिजाज में एक बार फिर बदलाव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मौसम के मिजाज में एक बार फिर बदलाव देखने को मिला है। रात के तापमान में हल्की वृद्धि होने से ठंड से राहत मिलना शुरू हो गई है। इसके चलते भोपाल में सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात न्यनूतम तापमान में डेढ़ डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो कि सामान्य से दो डिग्री कम रहा। वहीं अधिकतम तापमान 28.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो कि सामान्य से दो डिग्री अधिक रहा। इधर मध्य प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान मंडला, बैतूल, रायसेन, नौगांव और रीवा में सात डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। हिल स्टेशन पचमढ़ी में भी न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस ही रिकार्ड किया गया है। वहीं मध्य प्रदेश में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस मंडला में रिकार्ड किया गया। इधर, पाकिस्तान और उससे लगे उत्तर भारत पर बने पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम का मिजाज बदलने लगा है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक दो फरवरी को एक अन्य पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में पहुंचने से मध्य प्रदेश में ग्वालियर, चंबल, रीवा संभागों के जिलों में बादल छा सकते हैं। इन क्षेत्रों में कहीं–कहीं बौछारें भी पड़ सकती हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि पाकिस्तान और आसपास बने वेदर सिस्टम से हवाओं का रूख बदला है। इससे फिलहाल कड़ाके की ठंड से राहत मिल गई है। दो फरवरी को एक तीव्र आवृत्ति वाले पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में पहुंचने की संभावना है। इसके प्रभाव से दक्षिण–पश्चिम राजस्थान पर एक प्रेरित चक्रवात बनेगा। इसकी वजह से हवाओं के साथ वातावरण में नमी आने से ग्वालियर, चंबल, रीवा संभागों के जिलों में बादल छाने के साथ ही कहीं–कहीं बौछारें भी पड़ सकती हैं। पचमढ़ी में भी न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस ही रिकार्ड किया गया है। वहीं मध्य प्रदेश में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस मंडला में रिकार्ड किया गया।

### आने वाले दिनों में होगी बारिश



### विधायक दल की बैठक आज, होगी महत्वपूर्ण चर्चा



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज विधायक दल की बैठक लेंगे। अभी तक विधायक दल की बैठक विधानसभा सत्र शुरू होने से एक दिन पहले होती है, लेकिन इस बार प्रदेश के बजट के लिए विधायकों की राय जानने के लिए यह बैठक आज होने जा रही है। बैठक के लिए सभी विधायकों को मुख्यमंत्री कार्यालय से सूचना दे दी गई थी। बैठक से पहले सीएम शिवराज सिंह चौहान के सचिवालय ने विधायकों से उनके इलाके में 15 करोड़ रुपये तक के कार्यों की लिस्ट मांगी है। इन सभी कार्यों को बजट में शामिल किया जाएगा। कई विधायक इनमें उनके क्षेत्रों में खेल मैदान, सड़क, स्ट्रीट लाइट, सामुदायिक भवन और पुलिया जैसे कार्यों की लिस्ट दी है।

## सीआइ पार्क व्यू कालोनी में ननि ने तोड़ी दीवार

### रहवासियों ने लगाया बिल्डर से मिलीभगत का आरोप



**भोपाल।** राजधानी के उपनगर कोलार में वर्ष 2005 में विकसित हुई सीआइ पार्क व्यू कालोनी में नगर निगम प्रशासन ने मंगलवार को एक दीवार तोड़ने की कार्रवाई की। इसके विरोध में कालोनी के रहवासी सड़क पर उतर आए। रहवासियों ने इंजीनियर प्रमोद मालवीय पर दो बिल्डरों को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया है। सीआइ रेसीडेंट्स वेलफेयर सोसायटी की सचिव डा सुदर्शना शर्मा और सुभाष शर्मा सहित अन्य रहवासियों ने दीवार तोड़ने का विरोध किया है। रहवासियों का कहना है कि साल 2012 में कालोनी नगर निगम प्रशासन के हैंडओवर हो गई। कालोनी से सटे एरिया में दो बिल्डरों की कालोनी है। ये बिल्डर नगर निगम के सहयोग से अपनी फेंसिंग ठीक से कराने और सड़क चौड़ी कराने के लिए दीवार तुड़वाकर जगह पर कब्जा करना चाह रहे हैं। तोड़ी गई दीवार के पास कालोनी का खेल मैदान व 104 परिवारों के लिए मेन सीवेज टैंक भी बना है। बता दें कि रहवासियों ने दीवार तोड़ने की कार्रवाई के विरोध में नगर निगम आयुक्त केवीएस चौधरी कोलसानी, कलेक्टर अविनाश लवानिया, नगरीय प्रशासन सचिव, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग अधिकारियों से शिकायत की थी, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई। जब ने नगर निगम इंजीयिर प्रमोद मालवीय को मामला जानने के लिए फोन लगाया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। इंजीनियर प्रमोद मालवीय के फोन नहीं उठाने की शिकायत रहवासी कई बार नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों से कर चुके हैं। लोगों का कहना है कि जब भी सिविल कार्यों संबंधी कोई कार्य हो तो ननि इंजीनियर न फोन उठाते हैं और न ही कार्यालय में मिलते हैं।

### प्रशिक्षण के नाम पर राशि मांग रही जय अंबे कंपनी

**भोपाल।** प्रदेश में 108 एंबुलेंस और जननी एक्सप्रेस का संचालन अगले महीने से छत्तीसगढ़ की जय अंबे कंपनी करेगी। इसके पहले कंपनी ने कर्मचारियों की भर्ती शुरू की है। फिलहाल यह काम कर रही जेडएचएल कंपनी कर्मचारियों से जय अंबे कंपनी ने पेशेंट केयर ट्रेनिंग के नाम पर 17 हजार रुपए से लेकर 25 हजार रुपए तक शुल्क की मांग की है। कर्मचारी इसका विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि अभी वह यही काम कर रहे हैं, फिर उन्हें किस तरह का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके लिए इतनी बड़ा शुल्क लिया जा रहा है। बड़ी बात तो यह है कि ड्राइवरों से भी इस प्रशिक्षण के लिए शुल्क की मांग की जा रही है ,जबकि उनका कहना है कि पेशेंट केयर से उनका सीधे तौर पर कोई लेना देना नहीं होता। 108 एंबुलेंस में इमरजेंसी मैनेजमेंट टेक्नीशियन के तौर पर काम करने वाले कई कर्मचारी तो ऐसे हैं, जो 5 साल से भी ज्यादा समय से जीवीके और उसके बाद जेडएचएल कंपनी में काम कर चुके हैं।

## कांग्रेस परिवहन प्रकोष्ठ की जंबो कार्यकारणी गठित

### 14 उपाध्यक्ष 14 महामंत्री, 15 सचिव, 9 संगठन मंत्री, 1 प्रवक्ता और 1 कोषाध्यक्ष



**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस परिवहन प्रकोष्ट की 52 सदस्यीय प्रदेश कार्यकारिणी व 52 जिला अध्यक्षों की घोषणा पूर्व मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ की सहमति से मप्र कांग्रेस प्रकोष्टों के प्रभारी जे पी धनोपिया द्वारा अनुमोदन प्रश्चात जारी की गई है। परिवहन प्रकोष्ट के प्रदेश अध्यक्ष नरिंदर सिंह पांधे ने बताया कि प्रदेश कार्यकारिणी में 14 उपाध्यक्ष 14 महामंत्री, 15 सचिव, 9 संगठन मंत्री, 1 प्रवक्ता और 1 कोषाध्यक्ष, बनाये गये हैं।

जिसमें मनोहर शर्मा इंदौर, सुरिंदर सिंह खनूजा भोपाल, सरबज्योत सिंह आनंद जबलपुर, राजीव मोदी ग्वालियर, विवेक छाबड़ा, एजाज खान सिवनी, जसबीर सिंह बैतूल, हिजफूर रहमान सीहोर, पूरण सिंह भाटिया बालाघाट, ज्ञानेंद्र सिंह सिंगरौली, मोहम्मद रफीक खंडवा, अहद खान हरदा, सुनील साहू सागर, राजेन्द्र वर्मा सीहोर को प्रदेश उपाध्यक्ष। वहीं 'हरदेव सिंह जबलपुर को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

संजय अरोरा इंदौर, गयासुद्दीन राजू रीवा, वीरेंद्र सिंग खन्ना जबलपुर, अमरजीत सिंह भोमराह जबलपुर, हरपाल सिंह होरा इंदौर, सतीश दुबे दमोह, आशीष जैन सिवनी, असलम मेव रतलाम, राजेन्द्र सिंग बेदी देवास, मोहोमद हारून, इलमुदीन मंसूरी बड़वानी, राजकुमार शर्मा भोपाल, दलबीर सिंह जस्सल, रईस खान ग्वालियर, प्रवक्ता/ मीडिया प्रभारी सुशील सालुंके इंदौर को प्रदेश महामंत्री।

सुरेन्द्र पाल सिंह भाटिया इटारसी, रवि कोष्टा जबलपुर, सरबजीत सिंह खनूजा इंदौर, अपूर्व भदौरिया भोपाल, गणेश विश्वकर्मा सागर, हेमंत राणा मंदसोर, इरफान खान सेंधवा, वाजिद इकबाल बुराहनपुर, बलविंदर सिंह संधू जबलपुर, आशिफ खान उज्जैन, पीयूष भिटे इंदौर, इंदरदीप सिंह जबलपुर, महेश जाटव भिंड, ओमप्रकाश साहू भोपाल, सचिन पटेल जबलपुर, को सचिव बनाया गया है।

गोबिंद सिंह राजा रोड लाइन्स सागर, शेलेन्द्र सिंह सीहोर, अशोक बजाज शहडोल, हरी सिंग यादव विदिशा, श्यामाचरण शुक्ल रीवा, करणप्रीत सिंह जबलपुर, अतुल वर्मा जबलपुर, परवेज अहमद रीवा, गणेश खेर धार को संगठन मंत्री बनाया गया है।

### जिला अध्यक्षों की नियुक्ति

प्रदेश कांग्रेस परिवहन प्रकोष्ठ ने जिन 52 जिला में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति हुई हैं, वे हैं जबलपुर से देवी सिंह पटेल, इंदौर लेखराज सिंह भदौरिया, भोपाल से एस के संतानी, ग्वालियर मेवा सिंह खंगुरा, दमोह प्रजु यशोधरण, नरसिंगपुर मनवीर सिंह अलग, छिंदवाड़ा मनीष गुरनानी, बालाघाट समीर हुसैन,सिवनी शकील खान,मंडला शेख़ सईद बबलू, डिंडोरी शरद परिहार, रीवा रजनीश पांडे, सतना अनिल मिश्रा, सीधी प्रदीप परिहार, सिंगरौली राजेश सिंह, पन्ना अनिल कुमार गुप्ता, गुना गोपाल कृष्ण शर्मा, मुरैना प्रमोद शर्मा, भिंड बुध सिंह राणावत, अशोक नगर अमित जैन, निमाड़ी पुरषोत्तम गुप्ता, सागर अमित यादव, विदिशा मनोज यादव शिवपुरी वाजिद अली खोकर, आगर अफरोज खान, बुरहानपुर शफीक मोहम्मद, नीमच मुकेश जाट, दतिया दिलीप सिंह यादव, अनूपपुर करतार सिंह, बेतुल सैय्यद अहमद, छतरपुर रहीस खान, होशंगाबाद इम्तियाज खान, कटनी विनय पांडे, खंडवा सुरिंदर पाल सिंह भाटिया, खरगोन महेश सोडानी, रायसेन कैलाश गुप्ता,राजगढ़ सुरेन्द्र त्रिपाठी, रतलाम कमलेश मोदी, शहडोल रईस खान, श्योपुर अब्दुल हमीद बेग, शाजापुर दाऊद अहमद, सीहोर जसबीर सिंह खनूजा, टीकमगढ़ मोहम्मद रज्जाक, उज्जैन अश्विन नरूला, हरदा काशिफ खान, धार कैलाश शर्मा देवास संजय सिंह चौहान, मंदसोर गोबिंद सिंह पवार, उमरिया भूपेंद्र सिंग, अलीराजपुर मनीष फेफडीआ, झाबुआ सुभाष छाबड़ा और से बड़वानी राम अवतार जोशी को जिला अध्यक्ष घोषित किया गया।

# यूपी में ओबीसी कार्ड में धार के लिए तैयार शिवराज

***भोपाल। चुनाव भले ही यूपी के हों पर इससे प्रभावित एमपी की राजनीती भी होती है। यूपी से सटे अधिकांश जिलों में एमपी के नेताओं का प्रभाव शुरू से रहा है। अब इस प्रभाव का उपयोग राजनीतिक दल अलग अलग तरीके से हर रहे हैं। स्वाभाकवे तौर पर भातपा ऐसे में अपने सीएम को उपयोग क्यों नहीं करेगी जब पूरे देश में पिछड़ों को साधने के लिए शिवराज जैसा चेहरा हो।*** जातिगत समीकरणों में उलझी उत्तर प्रदेश की सियासत में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से भाजपा को बड़ी उम्मीदें हैं। चौहान ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) का चेहरा हैं, जो उत्तर प्रदेश में लगातार बदल रहे जातिगत समीकरणों के बीच भाजपा को बड़ी राहत दे सकते हैं। चार बार के मुख्यमंत्री चौहान उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में 19 फरवरी तक चुनावी अभियान में शामिल होंगे। इस दौरान वह न सिर्फ केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों को सामने रखेंगे, बल्कि मध्य प्रदेश में महिला, बालिका, किसान, गरीब, युवा सहित विभिन्न् वर्गों की कल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से रखेंगे। साथ ही कानून व्यवस्था के लिए सख्त फैसलों का जिक्र भी करेंगे। विधानसभा सीटों पर संतुलन बिठाना चुनौती साबित हो रहा दरअसल, उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने गैर यादव ओबीसी का नया वर्ग तैयार कर लिया है, इसी प्रकार दलितों में से भी गैर जाटव दलित का नया वर्ग बनाया है। इन नए वर्गों को योगी सरकार ने सत्ता से संगठन तक भागीदारी दी, लेकिन अलग–अलग क्षेत्रों की विधानसभा सीटों पर संतुलन बिठाना चुनौती साबित हो रहा है। ऐसे में पार्टी शिवराज सिंह चौहान सहित चर्चित ओबीसी चेहरों को दूसरे राज्यों से बुलाकर प्रचार अभियान से जोड़ना चाहती है।



## मध्य प्रदेश में विभिन्न् योजनाएं चलाकर चर्चा में रहे हैं

चौथी बार मुख्यमंत्री बने शिवराज सिंह चौहान अपने पहले कार्यकाल से ही महिला, किसान, गरीब और युवा वर्ग के साथ ही बुजुर्गों के लिए भी विभिन्न् योजनाएं लाकर चर्चा में रहे हैं। इनमें से कई योजनाएं अन्य राज्यों में भी लागू की गई हैं। चौहान उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और गोवा के प्रचार अभियानों में इन योजनाओं का जिक्र करने के साथ ही मोदी सरकार की योजनाओं से देश में आ रहे परिवर्तन का खाका भी पेश करेंगे। पार्टी को उम्मीद है कि पड़ोसी राज्य होने से उत्तर प्रदेश में चौहान का खासा प्रभाव रहेगा।

## सीएम का संभावित कार्यक्रम

उत्तराखंड– छह, सात, 10 एवं 11 फरवरी।
उत्तर प्रदेश–13, 14, 18 एवं 19 फरवरी।
कुछ और तारीखों में को ऐलान भी होगा।

### स्वास्थ्य मंत्री को चिकित्सा नियमों में संशोधन हेतु लिखा पत्र

# केन्द्रीय कर्मचारियों को मिले केशलेश चिकित्सा सुविधा

**जबलपुर यशभारत ।सभी विभाग के केन्द्रीय कर्मचारियों को जिन्हें सी एस एम ए के तहत इलाज की पात्रता है उन्हें सीजीएचएस की तरह मान्यता प्राप्त निजी अस्पताल में क्रेडिट के आधार पर केशलेश इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाये ।केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के लिए अलग अलग मापदंड नहीं होना चाहिये ।**

उक्त संबंध में एक ज्ञापन अजय राष्ट्रीय अतिरिक्त महासचिव सुरक्षा स्टाफ के मान्यता प्राप्त एसोसिएशन और सदस्य संयुक्त परामर्श समिति( जे सी एम )-1ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मुकेश मांडवीया को सौंपा है।

उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय कर्मचारियों के लिए सी एस एम ए के तहत इलाज की सुविधा मिलती है।जिसमें कर्मचारियों को इलाज का पैसा नगद अस्पताल को भुगतान करना पडता है।बदले में अस्पताल से मिला बिल विभाग में जमा करना प?ता है।इसके बाद बिल पास होने मे लंबा समय लगता है।इतना ही नहीं विभाग कुछ खर्चों को गैर चिकित्सा खर्च बता कर काट देते हैं।जिससे आम कर्मचारियों के ऊपर अनावश्यक आर्थिक भार पडता है।वहीं दूसरी ओर सेवनिवृतों और कुछ चुनिंदा विभाग के कर्मचारियों को सीजीएचएस के तहत इलाज की सुविधा है।सरकार ने सीजीएचएस इलाज को क्रेडिट या केशलेश सुविधा मान्यता प्राप्त अस्पताल में दी है।मान्यता प्राप्त एसोसिएशन के महासंघ ने इसे भेदभाव पूर्ण निरूपित करते हुए सभी केन्द्रीय कर्मचारी चाहे वे सी एस एम ए मे आते हैं या फिर सीजीएचएस मे सभी के लिए एक मापदंड की मांग की है।यह भी कहा गया कि सीजीएचएस मान्यता प्राप्त अस्पताल सी एस एम ए के तहत इलाज से मना कर देते हैं।जो उचित नहीं है। पत्र में कहा गया है कि दिन प्रति दिन चिकित्सा महंगी होती जा रही है।विश्व व्यापी कोरोना संक्रमण के साधारण इलाज के लिए लाखों रुपए के बिल दिये गए हैं।जो आम कर्मचारी की हैसियत से बाहर है।लिहाजा सीएसएमए के तहत सभी केंद्र सरकार के कर्मचारियों को केशलेश चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

## देश का बजट समाज के सभी वर्गों एवं विकास को समर्पित है

शहडोल, भारतीय जनता पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष मनीष गोयंका ने मोदी सरकार के आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि बजट में समाज के सभी वर्गों का हित एवं विकास के लिए समर्पित है । गोयंका ने कहा बजट से कृषि के क्षेत्र में किसानों की आय वृद्धि होगी तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं के दाम सस्ते होंगे जिसमें कपड़ा इलेक्ट्रॉनिक गुड्स सहित बेरोजगारों को रोजगार एवं नौकरी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है बजट में गरीब एवं मध्यम वर्ग के लिए आवास उपलब्ध कराना एवं रेलवे की दृष्टि से वंदे भारत नई ट्रेन संचालन की बहुत ही महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी देश में हाईवे मार्ग का विस्तार देश के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।



## एड. अशोक गुप्ता बने राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि

**जबलपुर, यशभारत।** राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा ने एड. अशोक गुप्ता को अपना सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। उन्होंने पत्र लिखकर सूचित किया है कि उनकी अनुपस्थिति में श्री गुप्ता शासकीय बैठकों व अन्य कार्यों में उनका प्रतिनिधित्व करेंगे।

## मां नर्मदा हेतु सेमरा से निकाली जाएगी पैदल यात्रा

**अनूपपुर-** नर्मदा जयंती पर इस बार श्रद्धालुओं ने पैदल यात्रा निकालेंगे यह यात्रा ग्राम पंचायत सेमरा से हजारों की तादाद पर पैदल अमरकंटक पहुंचेगी इस बीच श्रद्धालुओं के लिए रास्ते में पानी जलपान की व्यवस्था श्रद्धालुओं के द्वारा ही की जाएगी सेमरा निवासी श्रद्धालु विष्णु मिश्रा ने बताया कि मां नर्मदा के दर्शन हेतु इस बार अमरकंटक के लिए ग्राम पंचायत सेमरा से कई गांव और शहरों को पार करते हुए पैदल मां नर्मदा के दर्शन लाभ के लिए पहुंचेंगे, 04,02,2022 की सुबह 5:00 बजे ग्राम पंचायत सेमरा राधा कृष्ण मंदिर से अमरकंटक के लिए सैकड़ों की संख्या में तीर्थयात्री पैदल निकलेंगे जो दिनांक 08,02 2022 को नर्मदा जयंती के अवसर पर पहुंच कर दर्शन पूजा करेंगे जिस किसी को इस पद यात्रा में शामिल होना है ।

## भगवान महावीर की प्रतिमा स्थापित करने भूमि पूजन संपन्न

जैतहरीद्य नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 7 में भगवान महावीर की प्रतिमा स्थापित की जाएगी और इसके लिए भूमि पूजन किया गयाद्य भूमि पूजन कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य नगर पंचायत अधिकारी भूपेंद्र सिंह समाजसेवी विजय शुक्ला जैन समाज के अभय जैन जल्लू जैन पत्रकार जितेंद्र शर्मा सहित नगरवासी उपस्थित रहे।





## अवैध कैफे और होटलों की हो जांच

### अखिल भारत हिंदू महासभा द्वारा नगर निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** शहर में चल रहे अवैध रूप से कैफे एवं होटलों में चल रही अवैध गतिविधियों को लेकर आज अखिल भारत हिंदू महासभा जबलपुर इकाई के द्वारा एक ज्ञापन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम नगर निगम कमिश्नर को सौंपा गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं का कहना था कि अवैध कैफे एवं होटलों की जांच करवाई जाए, क्योंकि इसमें लव जिहाद, धर्म परिवर्तन, बलात्कार जैसी घटनाएं घटित हो रही हैं। इसके साथ ही संगठन के पदाधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि इस तरह के कैफे में अगर इन घटनाओं की पुनरावृत्ति सामने आई तो संगठन द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर सुशील बर्मन, प्रदेश उपाध्यक्ष लकी लाखन पहलवान, संजय भगत, रवि अहिरवार, राकेश श्रीवास, अनिल पहलवान, बंटी यादव, संजय विश्वकर्मा, पूजा मलिक, नीतू पासी, यशोदा ठाकुर, कल्पना सोंधिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सिहोरा, मझौली में कांग्रेंस ने शुरु किया घर चलो घर- घर चलो अभियान





**सिहोरा-** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देश पर ब्लाक कॉंग्रेस कमेटी सिहोरा द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 12,16,17 व 18 में घर चलो घर-घर चलो कार्यक्रम के तहत जिला ग्रामीण अध्यक्ष राधेश्याम चौबे,जिला प्रभारी सुनील जैन,पूर्व विधायक नित्य निरंजन खम्परिया,महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जमुना मरावी,सह प्रभारी बबुआ पटैल,पूर्व जिला अध्यक्ष रुपेन्द्र पटैल, मुकेश पटैल,दुर्गेश पटैल,भूप लाल सोनी, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण पाठक,राजेश चौबे,युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष राहुल पाण्डे,महिला नेत्री श्रीमती अलका डेंगरे,प्रदेश सचिव बाबा कुरैशी,अमोल चौरसिया,मुन्नू दीक्षित,कल्लू गुप्ता,पवन सोनी,सुशील पाण्डे,पूर्व पार्षद आलोक पाण्डे,राजेश पटैल, गोविन्द पटैल,गणेश दाहिया,शंकर वंशकार, मंसूर भाई,राम लोचन गोंटिया,दिलीप जैन, विजय नीखरा,दिनेश पाण्डे,मोतीलाल पटैल, गुलाब मरकाम,जगदीश सैनी,डब्बू पाठक, आशीष परौहा,नीरज पाठक,जित्तू श्रीवास्तव, गुड्डा भाईजान,राजकुमार बिरहा सहित अनेक पार्टीजन युवा नेता मनीष खम्परिया के कार्यालय से उक्त वार्ड के लोगों से घर घर जाकर मिले । मुलाकात के दौरान पार्टीजनों से वर्तमान भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ मतदाताओं को अवगत कराते हुए आने वाले चुनावों में कांग्रेस को विजयी बनाने की अपील की।

### मझौली ब्लॉक में भी कांग्रेस ने शुरु किया अभियान

मझौली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिलीप सिंह राजपूत के नेतृत्व में घर चलो घर-घर चलो अभियान का प्रारम्भ किया गया । जिसकी शुरुआत मझौली ब्लॉक के ग्राम पंचायत इन्द्रना से की गई।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पार्टी को मजबूत करने के साथ साथ पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के 15 महीने की उपलब्धियां गिना कर लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ना है। यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश में एक साथ शुरु किया गया है। जिसमे जबलपुर ग्रामीण अध्यक्ष,जिला प्रभारी के साथ कार्यक्रम प्रभारी वीरेंद्र चौबे,धनी राम जयसवाल,बबलू पंडा,मनोज तिवारी,नीलेश गोटिया,सुरेन्द्र लोधी,जानू कोष्टा,सुरेश माझी,श्रीलाल चौबे,अवधेश दुबे,आजाद सोनी,राजेश मिश्रा,सोरुभ दुबे,संतोष चक्रवर्ती, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष आशीष पटेल ,विनीत राजपूत,सुशील राजपूत,यशवंत राजपूत,जितेंद्र राजपूत, मुन्ना दाहिया,जितिन भट्ट,नारायण पटेल, सोहित दाहिया,राजभान,बबली लोधी,संतोष गौतम, आदित्य,मनोज मिश्रा, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष आभास दुबे,युवक कांग्रेस नगर अध्यक्ष परवेज आलम,संतोष सेन, अवधे प्रताप सुशील राजपूत एवं कार्यक्रम संयोजक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिलीप सिंह राजपूत उपस्थित हुए।

## पारिवारिक तनाव में युवक ने खाया जहर, बीमारी से हारे वृद्ध ने लगा ली फांसी

**जबलपुर, यशभारत।** थाना रांझी में जहां एक युवक ने पारिवारिक तनावों के चलते जहरीली वस्तु का सेवन कर मौत को गले लगा लिया तो वहीं थाना मझोली में बीमारी से हारे एक वृद्ध ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार मदन सिंह गोंड़ ठाकुर 45 वर्ष निवासी रक्षा नगर रांझी को जहर खा लेने के बाद भाई संतोष सिंह द्वारा शासकीय अस्पताल रांझी में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान रात में मदन सिंह की मृत्यु हो गयी है। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मगज़ कायम कर जांच में लिया गया।

### बीमारी से हारे वृद्ध ने चुन लिया मौत का फंदा

थाना मझोली में मुन्ना राजपूत 52 वर्ष निवासी सुहजनी ने सूचना दी कि रेवा प्रसाद राजपूत उसके समधी है, जो छीतापाल के निवासी है। 2 वर्ष से पैर मे पाईजनिंग था जिसका काफी इलाज हुआ लेकिन पैर ठीक नहीं हुआ। पैर में काफी तकलीफ थी । पैर का दर्द सहन न होने के कारण रात में उसके समधी रेवा प्रसाद राजपूत 75 वर्ष निवासी छीतापाल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्गं कायम कर जांच मे लिया गया।



## नगर में बूथ विस्तार कार्यक्रम पूर्णतः की ओर

**सिहोरा –** संगठन को मजबूत करने और आम आदमी से जुडने के उदेश्य से चलाये जा रहे भाजपा के बूथ विस्तार कार्यक्रम नगर में भी तेज गति से चल रहा है बूथ अध्यक्षो एंव एप प्रभारीयों तथा सिहोरा नगर मंडल प्रभारी विनय असाटी की सक्रियता के चलते ही यह कार्य लगभग पूर्णता की ओर है।इसी कडी में शक्ति केंद्र क्रमांक 1 सिहोरा नगर के बूथ क्रमांक 160 के बूथ विस्तारक अंकित तिवारी ने बूथ समिति के विस्तार का कार्य किया जिसमें नगर मंडल सिहोरा के प्रभारी असाटी, बूथ के अध्यक्ष अजय कनकने,एप प्रभारी अखिल गुप्ता,रिज़वान बेग,आदर्श नायक, रामबाबु गौंटिया,अँचल विश्वकर्मा,शिवांशु बहरे,विजय नौगरहिया,मनोज चक्रवर्ती,सूरज पटेल,सबी गौंटिया उपस्थित रहे मंगलवार को नगर के बूथ क्रमांक 160,161,162,178,179,180 मैं भी बूथ विस्तार का काम किया गया।

## सुभाष स्टेडियम में फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**अमलाई ।** सुभाष फुटबाल टूर्नामेंट क्लब के तत्वाधान में कोयलांचल के सुभाष स्टेडियम नंबर 3 में आज से जिला स्तरीय फुटवाल टूनामेंट का आयोजन किया जा रहा है जिसमे मुख्यातिथि पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रविंदर कौर छाबड़ा जी विसिष्ठ अतिथि श्रीमती विनीता जायसवाल जी भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष मंजीत अग्रवाल जी ने भारत माता की चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का सुभारंभ किया। आज का पहला मैच कोतमा और भालूमाढ़ा की बीच व दूसरा पुष्पराजगढ़ जैतहरी के बीच खेला गया। अतितिथियो के साथ आयोजन समिति की धीरूसिंह परिहार अरुण जायसवाल गोरेलाल पनिका अरविंद सिंह सरिता शर्मा सचिन दाहिया योगराज वर्मा बिट्टू कचेर रवि कुशवाहा दीपाली कोल डाक्टर शेरा खान विनोद कपूर उमेश सोनकर प्रकाश चौधरी मकसूद ऋषि गुप्ता संजय शुक्ला कल्लू ओम सिंह परिहार कपिल जोशी सूरज पाल विमला पनिका रेखा द्विवेदी पिंटू पाल प्रकाश सिंह सनी पाल क्रिश झरिया सुधांशु यादव तरुण सिंह परिहार अभय सोनकर जय वर्मा मनीष कुर्रे अंशु यादव सुमित चौहान राहुल मांझी निर्भय सोनकर विक्रम परिहार विनोद पटेल रंजीत ऋषि कुमार पुनीत कुमार पनिका रंजीव दुबे प्रदीप चक्रधारी श्रद्धा द्विवेदी आस्था द्विवेदी खुशबू रजक देववती अमृता उपाध्याय सहित सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित रहे मैच का सफल संचालन एडवोकेट कलाम जी द्वारा किया गया।



## यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम कल

**जबलपुर।** शुभ विवाह विप्र समाज संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं रामाधार प्यासी ने बताया प्रथम कार्यक्रम कल 3 फरवरी गुरुवार को गीताधाम आश्रम ग्वारीघाट जबलपुर में प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक रखा गया है।

## कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

अमलाई भारत के प्रधान सेवक आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम ग्राम पंचायत भरगामा की सरपंच रनिया बाई के गृह निवास में संपन्न हुआ मन की बात सुनने के लिए भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश दहिया, संदीप मिश्रा, प्रताप धामी जा नीरज नामदेव सुरेश बर्मन राजा सेन, लक्ष्मण बर्मन विजय बैगा आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे!

### न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर-2 जबलपुर

राप्रक्र/1334/अ-6/2020-21

### इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जितेन्द्र साहनी एवं अन्य पुत्र श्री गोविन्द राम साहनी के द्वारा भूमि ग्राम गोरखपुर नं ब -- पहनं गोरखपुर प्लाट नं खसरा नं 734/1 रकवा 1235 वर्गफुट भूमि पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है ।अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति तन्यायालय में पेशी दिनांक तक उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 25/1/22 को जारी।

**जारी दिनांक 25.1.2022**
**पेशी दिनांक 9.2.2022**

**न्यायालय तहसीलदार**
**गोरखपुर-2 जबलपुर**


**Jabalpur Smart City Limited (JSCL)**
Manas Bhavan Wright Town,Jabalpur,MP-482001, www.jscljabalpur.org
Cotact:admin@jscljabalpur.org,ceojscl@mpurban.gov.in Mo.-7611136800
S.No.JSCL/2022/106/ADM/07 Date: 01/02/2022

**Natice Inviting Tender**

Jabalpur Smart City Limited invites Online Perentage Bid for the work of **"Cinstruction of Culvart and Conservaney at Golbazar Area".** Details can be viewed on **www.jscljabalpur.org & www.mptenders.gov.in**
Amendment any if will be published only in website only.

**Chief Executive Officer**
**Jabalpur Smart City Limited.**

**JABALPUR SMART CITY LIMITED**
Ref No. JSCL/2022/109/ADM-09 Date - 01/02/2022

**Notice Inviting Tender**

Jabalpur smart city limited invites online proposal for **"Selection of agency for painting art work in different locations under Jabalpur Smart Citky Limited"**
Detailed information can be downloaded from
https://mptenders.gov.in/ and
http://jscljabalpur.org.
Contact No.-7611136800 , 7611136807

**Chief Executive Officer**
**Jabalpur Smart City Ltd.**


# संजय गांधी पावर प्लांट में बिजली उत्पादन ठप

**शहडोल। प्राप्त जानकारी के अनुसार उमरिया जिले के संजय गांधी ताप विद्युत गृह की 500 मेगा वाट की इकाई में एक बार फिर बिजली उत्पादन ठप हो गया देर रात उत्पादन बंद हुआद्य बताया जाता है कि वायलर ट्यूब लीकेज की वजह से उत्पादन बाधित हुआ संजय गांधी ताप विद्युत गृह में कुल 1340 मेगावाट क्षमता मे महज 565 मेगा वाट ही बिजली का उत्पादन किया जा रहा है।**

इससे पहले जनवरी माह में ही वायलर ट्यूब लीकेज की वजह से यह इकाई बंद हो चुकी थी बीते साल 2021 के अंत में इसी तरह की कई दफा यहां खराबी आई इकाई में 210 मेगा वाट क्षमता की दो नंबर इकाई भी पिछले 100 घंटे से ज्यादा वक्त से वायलर ट्यूब लीकेज की वजह से ठप पड़ी हुई है श्री सिंगाजी में बंद इकाई दोबारा चालू ताप गृह की इकाइयों में बार-बार आ रही खराबी से बिजली उत्पादन बाधित हो रहा है मध्य प्रदेश पावर जनरेशन कंपनी की कुछ इकाइयों में तकनीकी खराबी आई थी जिन्हें सुधार करने का दावा कंपनी प्रबंधन ने किया है हालांकि जिस तरह से वायलर ट्यूब लीकेज की समस्या पावर प्लांट में आ रही है उससे इसके रखरखाव को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं इधर कंपनी का दावा है कि 3600 मेगावाट से बढ़ाकर बिजली का उत्पादन चार मेगावाट किया जा रहा है दरअसल बीती रात श्री सिंगाजी पावर प्लांट की एक इकाई 600 मेगा वाट कि बंद हो गईद्य सूत्रों का दावा है कि इसमें दो नंबर की इकाई जो विगत पाच जनवरी तक कोयले की कमी के कारण बंद रखी गई थी उसे 28 जनवरी को दोबारा शुरू किया गया इस इकाई में विगत 30 जनवरी की रात 9:00 बजे तकनीक खराबी आने के कारण बिजली उत्पादन बंद हो गया कंपनी प्रबंधन ने कहा कि चंद घंटों में तकनीकी खराबी को सुधार लिया गया है इधर संजय गांधी ताप गृह बिरसिंहपुर में एक नंबर यूनिट 210 मेगा वाट की है जिसे 27 जनवरी को प्रारंभ किया गया था उससे भी महज 130 मेगा वाट बिजली उत्पादन की जा रही है इसे अंडरलोड चलाया जा रहा है बता दें कि इसके अलावा सारणी में भी एक इकाई बंद है जिसका संचालन देर शाम को शुरू किया गया कंपनी के मुख्य अभियंता बीके कैलाश या ने कहा कि बिजली का उत्पादन भी सभी इकाइयों से प्रारंभ किया जा रहा है उनके मुताबिक करीब 3600 मेगा वाट बिजली का उत्पादन अभी हो रहा है जिसे चार हजार मेगा वाट किया जा रहा है।

## एसडीओ एवं इंजीनियर के द्वारा ग्रामीण अंचल में लाखों रुपए का भ्रष्टाचार

**शहडोल।** जनपद पंचायत सोहागपुर के सिंहपुर, मीठोरी दू लहरा ,सीगुड़ी ग्रेवल मार्ग में एसडीओ एवं इंजीनियर की मिलीभगत से लाखों रुपए के भ्रष्टाचार किए जाने की खबर हैद्य बताया जाता है कि ग्राम सिंहपुर में रोड का निर्माण कर आर एस विभाग के द्वारा स्वीकृत किया गया है जिसमें 3 स्थानों में लगभग 50 द्व50 लाख रुपए की लागत से रोड स्वीकृत है और इन स्वीकृत रोडो में भ्रष्टाचार किया जा रहा है किंतु विभाग के शीर्ष अधिकारियों द्वारा भ्रष्टाचार की ओर ध्यान न दिया जाना समझ से परे हैद्य बताया जाता है कि शिवपुर में पुराने समय से ही ग्रेवल रोड का निर्माण कराया जा चुका था उसी रोड पर खोदकर ना ही उस पर मिट्टी डाली गई और ना ही मुरूम डाली गई और एसडीओ एवं इंजीनियर के द्वारा बिना किसी कार्य के पुरानी रोड का ही मूल्यांकन कर दिया गया स्टीमेट के अनुरूप कार्य भी नहीं कराया जा रहा है और निर्माण कार्य में फर्जी मस्टररोल भरकर भुगतान किया जा रहा है।

## श्रीमती तारा बाई साहू का निधन



गोल बाजार जबलपुर निवासी श्रीमती तारा बाई साहू 70 वर्ष की आयु मैं निधन हो गया है वह श्री जनक लाल साहू की धर्मपत्नी धर्मेंद्र साहू (मोनू साहू) की माताजी थी! अंतिम संस्कार आज रानीताल शमशान घाट में संपन्न हुआ जिसमें समाज के एवं सभी वर्ग के लोग सम्मिलित होकर नम आंखों से विदाई दी।


## कार्यालय क्षेत्र संचालक, कान्हा टाईगर रिजर्व, मण्डला

फोन : 07642–250760 (कार्या.), Email: fdknp.mdl@mp.gov.in

क्रमांक/ लेखा/273 मण्डला, दिनांक /28/01/2022

### द्वितीय निविदा संक्षिप्त विज्ञप्ति

कान्हा टाईगर रिजर्व के अंतर्गत विभिन्नरेस्क्यू कार्यों में उपयोग हेतु विनिर्माताओं/उत्पादकों अथवा उनके विक्रेताओं से सामग्री प्रदाय हेतु सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।

निविदा फार्म/शर्तें व सामग्री का विवरण अधोहस्ताक्षरकर्ता अधिकारी के कार्यालय से कार्यालयीन दिवस/समय में 500/– (पाँच सौ रूपये) नगद जमा करने पर दिनांक 10.02.2022 कार्यालयीन दिवसों में समय सायं 02.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।

निविदाएं कार्यालय क्षेत्र संचालक, कान्हा टाईगर रिजर्व, मण्डला (म.प्र.) में दिनांक 10.02.2022 तक दोपहर 3.00 बजे तक जमा की जावेगी, तथा प्राप्त निविदाएं उपस्थित निविदाकारों के समक्ष दिनांक 10.02.2022 को दोपहर 4.00 बजे से खोली जावेंगी। सामग्री की अधिसूचित मात्रा अनुमानित है। इसके अतिरिक्तमात्रा की आवश्यकता होने पर स्वीकृत दर पर ही निविदाकार को सामग्री प्रदाय किया जाना अनिवार्य होगा।

| क्र. | सामग्री का नाम | मात्रा (नग) |
|---|---|---|
| 1 | बाघ (टाईगर) स्क्यू ज केज | 01 |
| 2 | बाघ (टाईगर) ट्रांसपोटेशन केज | 01 |
| 3 | तेंदुआ (लेपर्ड) स्क्यूज केज | 01 |
| 4 | तेंदुआ (लेपर्ड) ट्रांसपोटेशन केज | 01 |
| 5 | जंगली हाथी (वाईल्ड एलीफेंट) ट्रांसपोटेशन केज | 01 |

उक्त निविदा में सामग्री के विस्तृत विवरण का प्रारूप एवं विस्तृत नियम/शर्ते कार्यालयीन समय में या वन विभाग की अधिकृत वेबसाईट www.mpforest.gov.in पर भी देखी जा सकती

उप संचालक
कान्हा टाईगर रिजर्व
मण्डला (म.प्र.)

जी-22129/21



# सफेद साड़ी में लगीं बेहद खूबसूरत

# नवाजुद्दीन सिद्दीकी की पार्टी में कंगना ने लूट ली महफिल

बॉलीवुड इंडस्ट्री में अपनी मेहनत से मकाम पाने वाले अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने मुंबई में हाल ही में अपने सपनों का आशीयाना बनाकर तैयार किया है। अपने घर को नवाज ने %नवाब% नाम दिया है। हाल ही में एक्टर ने नए घर की खुशी में एक पार्टी होस्ट की, जिसमें इंडस्ट्री से उनके कई दोस्त और स्टार्स शामिल हुए। इन सेलेब्स की लिस्ट में कंगना रणौत का नाम भी शामिल है।

### चांद सी सुंदर लगी कंगना

विरल भयानी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर नवाजुद्दीन की इस पार्टी का एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में नवाज के साथ कंगना और अवनीत कौर फोटोग्राफर्स को पोज देती हुई नजर आ रही हैं। कंगना सफेद रंग की साड़ी पहने ऐसी लग रही थीं मानों जैसे धरती पर चांद उतर आया हो।

### यूनिक था कंगना का स्टाइल

पार्टी के दौरान कंगना का ड्रेसिंग सेंस एक दम यूनिक था। उन्होंने अपना लुक कंप्लीट करने के लिए साड़ी के साथ सफेद रंग का ही नेकलेस और सैंडल पहनी थी। साथ ही उन्होंने लाल रंग की लिपस्टिक लगा रखी थी। कंगना इस लुक में बहुत सुंदर लग रही थीं।

### फैंस कर रहे जमकर कमेंट

लोगों को कंगना का ये लुक इतना पसंद आ रहा है कि फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक सोशल माडिया यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा,÷कंगना आप इस लुक में स्टनिंग लग रही हैं।÷ एक अन्य ने लिखा, ÷वाह नवाज भाई, आपने अपनी पार्टी में कंगना को इनवाइट किया।÷ एक ने तो कंगना को %चांदनी% बुलाया।

### नवाज और अवनीत साथ करेंगे काम

अभिनेता नवाज जल्द ही टीवी कलाकार %अवनीत कौर% के साथ अपनी आगामी फिल्म %टीकू वेड्स शेरू% में दिखाई देने वाले हैं। इस फिल्म को साई कबीर द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। यह फिल्म कंगना के प्रोडक्शन हाउस मणिकर्णिका फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बन रही है।


# करोड़ों में कमाते हैं शार्क टैंक इंडिया के जज, कुल संपत्ति जानकर हो जाएंगे हैरान

**%शार्क टैंक इंडिया% वर्तमान में भारतीय टेलीविजन पर सबसे लोकप्रिय शो में से एक है। इस व्यावसायिक रियलिटी शो में उद्यमियों को अपने व्यवसाय मॉडल को निवेशकों (शार्क) के पैनल के सामने पेश करना होता है और उन्हें इस बात के लिए राजी करने होता है कि वह उनके मॉडल पर पैसे लगाएं।**



शो में जजों के पैनल में अशनीर ग्रोवर, नमिता थापर, अनुपम मित्तल, विनीता सिंह, ग़ज़ल अलगी, पीयूष बंसल और अमन गुप्ता शामिल हैं। शुरुआत में ही इनमें से कुछ चेहरे जनता के बीच बेहद लोकप्रिय हो गए हैं। ऐसे में हम आपको इन शार्क की कुल संपत्ति के बारे में बताने जा रहे हैं।

### अशनीर ग्रोवर



एक रिपोर्ट के अनुसार, %भारत पे% के प्रबंध निदेशक और सह-संस्थापक अशनीर ग्रोवर की कुल संपत्ति तकरीबन 700 करोड़ रुपये है। वह शो के सबसे अमीर शार्क में से एक हैं।

### अमन गुप्ता



2015 में स्थापित लोकप्रिय टेक ब्रांड %बोट% के सह-संस्थापक और सीएमओ, अमन गुप्ता की अनुमानित संपत्ति 700 करोड़ रुपये की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमन गुप्ता के पास बमर, शिपरॉकेट और अन्वेषन जैसी कंपनियों में भी शेयर हैं।

### नमिता थापरी



नमिता थापर एक बहुराष्ट्रीय दवा कंपनी एमक्योर फार्मास्युटिकल्स की कार्यकारी निदेशक हैं। कथित तौर पर, उनकी कुल संपत्ति 600 करोड़ रुपये है। वह इनक्रेडिबल वेंचर्स लिमिटेड की संस्थापक भी हैं।

### पीयूष बंसल



आईवियर के लिए एक ई-कॉमर्स पोर्टल %लेंसकार्ट% के सीईओ की कुल संपत्ति 600 करो? रुपये बताई जा रही है। 36 वर्षीय पीयूष बंसल ने इनफेडो और डेली ऑब्जेक्ट्स जैसी कंपनियों में भी निवेश किया है।

### अनुपम मित्तल



लोकप्रिय मैचमेकिंग साइट %शादी डॉट कॉम% और ऑनलाइन रियल एस्टेट पोर्टल %मकान डॉट कॉम% चलाने वाली मूल कंपनी %पीपल ग्रुप% के संस्थापक और सीईओ अनुपम मित्तल की कथित तौर पर कुल संपत्ति 185 करोड़ रुपये है।

### ग़ज़ल अलघ



33 वर्षीय ग़ज़ल अलघ सभी शार्कों में सबसे छोटी हैं और %मामाअर्थ% की सह-संस्थापक और प्रमुख हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अलघ की कुल संपत्ति 148 करोड़ रुपये है।

### विनीता सिंह



%शुगर कॉस्मेटिक्स% की सीईओ और सह-संस्थापक, विनीता सिंह की अनुमानित कुल संपत्ति लगभग 300 करोड़ रुपये है। 37 वर्षीय विनीता फैब बैग की सह-संस्थापक भी हैं।

# राकेश बापट से पहले इस शादीशुदा एक्टर संग जुड़ा शमिता शेट्टी का नाम, नहीं हो पाई शादी

**शमिता शेट्टी का आज जन्मदिन है। हाल ही में बिग बॉस 15 का हिस्सा रहीं शमिता ने साल 2000 में यश चोपड़ा की फिल्म मोहब्बतें से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म में उनकी एक्टिंग को पसंद किया गया, लोगों को लगा कि शमिता आगे कई फिल्मों में दिखाई देंगी लेकिन ऐसा हुआ नहीं। उनका फिल्मी करियर कुछ खास नहीं रहा।**

### टीवी शोज भी किए

हिंदी फिल्मों के अलावा शमिता ने कई तमिल और तेलुगु फिल्मों में भी काम किया है। इतना ही नहीं %बिग बॉस%, %झलक दिखला जा% और %खतरों के खिलाड़ी% जैसे शोज भी किए हैं। बिग बॉस 15 में शमिता शेट्टी चौथे नंबर पर रहीं।



### शिल्पा शेट्टी की बहन के नाम से पहचानी गई

शमिता का जन्म मंगलूरु में हुआ था। उनकी पढ़ाई सेंट एंथोनी गर्ल्स हाईस्कूल से हुई है। इसके बाद उन्होंने सीडेनहम कॉलेज मुंबई से अपना ग्रेजुएशन पूरा किया। अपनी पहली फिल्म के लिए शमिता को आइफा बेस्ट डेब्यू एक्ट्रेस के अवॉर्ड से नवाजा गया था। शमिता शेट्टी को बॉलीवुड में एक अरसा हो गया है लेकिन वो यहां अभिनेत्री न होकर, शिल्पा शेट्टी की बहन बनकर रह गईं।

### मनोज बाजपेयी संग जुड़ा नाम

मीडिया रिपोर्ट्स ने शमिता शेट्टी और मनोज बाजपेयी के बीच अफेयर की खबरें भी खूब उड़ाईं। 'फरेब' और 'बेवफा' फिल्म में शमिता शेट्टी मनोज बाजपेयी के साथ नजर आई थीं। शादीशुदा एक्टर के साथ अफेयर होने पर वो विवादों से घिर गई थीं। ये तक कहा गया कि कि मनोज बाजपेयी से शादी ना हो पाने के कारण ही शमिता ने किसी और से शादी नहीं की। हालांकि दोनों ने इसपर कभी कुछ नहीं कहा। इसके अलावा शमिता के हरमन बावेजा और आफताब शिवदासानी के साथ भी अफेयर के चर्चे रहे हैं।

### राकेश बापट संग रिलेशन में हैं शमिता

शमिता ने अभी तक शादी नहीं की है। बिग बॉस ओटीटी में उन्हें राकेश बापट का साथ मिला था, घर से बाहर आने के बाद दोनों ने अपना रिलेशन कंफर्म किया। शमिता जब दोबारा बिग बॉस में गईं तो राकेश ने उनका पूरा साथ दिया। आज शमिता के जन्मदिन पर राकेश बापट ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शमिता शेट्टी के साथ फोटोज शेयर की हैं। फोटो के साथ राकेश बापट ने शमिता के लिए अपने प्यार का खुलकर इजहार किया है। राकेश ने कैप्शन में लिखा, %हैप्पी बर्थडे लव शमिता शेट्टी।%

# आम्रपाली दुबे ने निरहुआ को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं, एक्टर ने कहा- लव यू डार्लिंग

**भोजपुरी के पावर कपल आम्रपाली दुबे और दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ को जोड़ी फैंस को खूब पसंद आती है। दोनों अब तक कई फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं और लगभग सभी फिल्में सुपरहिट साबित हुई हैं।**




आज निरहुआ (Nirahua Birthday) का जन्मदिन है ऐसे में उनकी कथित गर्लफ्रेंड कही जाने वाली आम्रपाली ने उन्हें बेहद खूबसूरत अंदाज में जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं।

क्या लिखा है पोस्ट में

आम्रपाली दुबे ने कई तस्वीरों की वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा है, 'मेरे स्पेशल बॉय को जन्मदिन की शुभकामनाएं। अच्छे, बुरे और बेहतरीन समय में आपने मुझे हमेशा समझा। आपको जानते हुए 8 साल हो गए। ये 8 साल मेरे जीवन के सबसे खूबसूरत साल हैं। खूब खुश रहिए, हमेशा स्वस्थ रहिए और जीवन भर ऐसे ही एक नंबर रहिए। दिनेश लाल यादव निरहुआ।'

### आम्रपाली को कहा लव यू

आम्रपाली के इस पोस्ट का जवाब भी निरहुआ ने खूबसूरत अंदाज में दिया है। निरहुआ ने लिखा है- थैंक्स, लव यू डार्लिंग...इस पोस्ट को शेयर करने के बाद फैंस के साथ ही भोजपुरी इंडस्ट्री के कई कलाकारों ने भी कमेंट किया और दिनेश को बर्थडे विश किया है।




निरहुआ और आम्रपाली दुबे भले ही अपने रिश्ते को दोस्ती का नाम देते हैं लेकिन इनकी पोस्ट कुछ और ही कहानी बयां करती है। दोनों के अफेयर के चर्चे इतने हैं कि लोग इन्हें सच में पति-पत्नी समझते हैं लेकिन निरहुआ की रियल वाइफ का नाम मंशा देवी है और वो दो बच्चों के पिता हैं।

जहां एक तरफ निरहुआ की बिहार में काफी बड़ी फैन फॉलोइंग है और लोग उनकी एक्टिंग के दीवाने हैं तो वहीं आम्रपाली ने भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बना ली है। आम्रपाली दुबे ने अब तक भोजपुरी सिनेमा में लगभग 25 फिल्मों में काम किया है और उन 25 फिल्मों में से 20 फिल्में उन्होंने दिनेश लाल यादव के साथ की हैं।

# टाइगर ने किया पिता जैकी श्रॉफ को बर्थडे विश, अभिषेक बच्चन ने भी दी जन्मदिन की बधाई

80 के दशक में एक्शन और रोमांटिक हीरो के रूप में बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बनाने वाले जैकी श्रॉफ का आज जन्मदिन है। इस मौके पर अभिनेता की पत्नी आयशा श्रॉफ के साथ ही उनके बेटे और अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने उन्हें सोशल मीडिया पर जन्मदिन की बधाई दी है। जैकी श्रॉफ को अभिषेक बच्चन ने एक तस्वीर शेयर करते हुए बधाई दी है।

### आयशा श्रॉफ ने दी बधाई

जैकी की तस्वीरों को साझा करते हुए आयशा ने एक प्यार भरा संदेश लिखा। उन्होंने लिखा, फ़दुनिया के सबसे दयालु दिल वाले इंसान को जन्मदिन मुबारक हो! आप एक सबसे अच्छे बेटे और सबसे प्यारे पिता हैं।फ़ उन्होंने इस पोस्ट में अपने बच्चों टाइगर श्रॉफ और कृष्णा श्रॉफ को भी टैग किया। पोस्ट की पहली तस्वीर जैकी के एक पुराने फोटोशूट की है। दूसरी फोटो में वह अपने दिवंगत पिता काकुभाई श्रॉफ के साथ पोज देते हुए दिख रहे हैं और आखिरी तस्वीर उनके बच्चों कृष्णा और टाइगर के बचपन की है।


### कमेंट्स में मिल रही बधाई

आयशा की पोस्ट पर सुनीता कपूर ने कमेंट करते हुए कहा, फ़हैप्पी बर्थडे।फ़ एक प्रशंसक ने लिखा, हैप्पी बर्थडे जैक जी। आप एक अच्छे इंसान हैं और उम्मीद है कि आप सभी से जल्द ही मुलाकात होगी।फ़ एक अन्य ने कहा, फ़आपको जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं सर। आपने हमेशा बहुत सारे लोगों को प्रेरित किया है। हम सभी आपसे प्यार करते हैं सर।फ़

टाइगर श्रॉफ ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर जैकी की तस्वीरों का एक कोलाज साझा किया और लिखा, बेस्ट डैड को 18वें जन्मदिन की शुभकामनाएं। मैं आपसे बहुत प्यार करता हूं। भगवान आपको हमेशा उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें। आशा है कि मैं इस साल आपको थोड़ा और गौरवान्वित कर पाऊं, जिस तरह से मुझे आपका बेटा होने पर गर्व है।

# बेहद शानदार है सुनील शेट्टी का फार्महाउस जहान

अभिनेता सुनील शेट्टी और उनकी पत्नी माना शेट्टी के पास खंडाला में एक शानदार लग्जरीयल हॉलिडे होम है। अभिनेता और उनकी पत्नी अक्सर शहर के व्यस्त जीवन से समय निकालकर इस आलीशान घर में रहने के लिए जाते रहते हैं। 6,200 वर्ग फुट में बने इस विला में पांच बेडरूम, एक मीडिया रूम, एक पूल और कई बगीचे हैं। सुनील शेट्टी का यह घर अपनी आर्किटेक्चर ब्यूटी और ट्राइबल थीम के लिए जाना जाता है।



पूरे घर के इंटीरियर को विंटेज शोपीस से सजाया गया है। घर के कई कोनों में बुद्ध की विशाल प्रतिमाएं हैं। रिपोर्टों के अनुसार, इस जगह को डिजाइन करने में पांच साल से अधिक का समय लगा था। बता दें कि इस घर में एक विंडमिल और सोलर एनर्जी सिस्टम भी है।

सुनील शेट्टी के इस विला में एक निजी थिएटर भी है, जिसकी दीवारों पर उनकी फिल्मों के पोस्टर लगे हैं। एक साक्षात्कार के दौरान सुनील शेट्टी ने बताते हैं कि वह मुंबई के विकर्षणों से दूर होने और तनाव दूर करने के लिए इस स्थान में पर अक्सर जाते रहते हैं।

इस विला के प्रवेश द्वार पर दो शेरों की मूर्तियां हैं। वहीं घर के अंदरूनी हिस्से को विंटेज टच के साथ डिजाइन किया गया है। फार्म हाउस में एक शानदार पूल के साथ एक बैकयार्ड भी है।

घर एक बड़े बगीचे से घिरा हुआ है, जो हरियाली से भरा हुआ है। घर के कई क्षेत्रों में ये बैठने की जगह भी हैं, जहां आप बस आराम कर सकते हैं और अपनी छुट्टी का आनंद ले सकते हैं। सुनील शेट्टी बताते हैं कि कई साल पहले मैं अपने परिवार के साथ होली मनाने के लिए इस जगह पर आया था। तभी बेटे अहान शेट्टी ने इस क्षेत्र को विकसित करने की बात कही थी। जिसके बाद मैंने और मेरी पत्नी माना ने इस जमीन पर घर बनाने और पेड़ लगाने का फैसला किया। माना के माता-पिता की सिफारिश पर, हमें इस जगह का नाम %जहान% रखने का फैसला किया।

# नवागत कलेक्टर डॉक्टर इलैयाराजा टी से यशभारत की चर्चा

# एक-दो दिन में जबलपुर आऊंगा, सिर्फ काम को महत्व दूंगा

**जबलपुर, यशभारत। जबलपुर के नवागत कलेक्टर डॉक्टर इलैयाराजा टी से यशभारत ने चर्चा करते हुए शहर आगमन की जानकारी ली। इस दौरान नवागत कलेक्टर ने कहा कि एक-दो दिन में वह जबलपुर पहुंचकर कामकाज संभाल लेंगे।**




उन्होंने औचारिक चर्चा में कहा कि जबलपुर में विकास हुआ है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है, जिस तरह से कामकाज हो रहा था वह निरंतर जारी रहेगा। वह सिर्फ काम को महत्व देंगे। काम करने वाले स्टाफ को प्रोत्साहित किया जाएगा। शासन की तमाम योजनाएं लोगों तक पहुंचे उनका प्रयास होगा।

### जिस जिले के कलेक्टर रहे वहां लोगों के चहेते बने

2009 के आईएएस अफसर डॉक्टर इलैयाराजा टी की कार्यप्रणाली सबसे अलग है। शायद कुछ लोगों को मालूम नहीं होगा कि इलैयाराजा टी जहां भी कलेक्टर थे वहां के लोगों के हीरो थे। भिंड जिले से जब वह कलेक्टर थे तो उनका तबादला कर दिया गया जिसे रूकवाने के लिए लोगों ने धरना तक दिया था। रीवा में कलेक्टर रहते हुए इलैयाराजा टी ने अतिक्रमण विरोधी अभियान को बेखूबी अंजाम दिया। यातायात व्यवस्था को सुधारकर रीवा को अलग पहचान थी। यही नहीं आॅफिस में कम रहकर उन्होंने लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनी।

## मौसी बनी महिला और पैसे लेने वाले दलाल को भी दबोचा

# लुटेरी दुल्हन प्रेमी सहित गिरफ्तार शादी के नाम पर 7 परिवारों को लूटा

**जबलपुर, यशभारत। जबलपुर में लुटेरी दुल्हन और उसकी गैंग पुलिस के हत्थे चढ़ी है। पकड़ी गई दुल्हन अब तक करीब 7 शादियां रचा चुकी है। जिसकी पड़ताल जारी है। गिरोह के चारों सदस्यों को ओमती पुलिस ने देर रात तक गिरफ्तार किया। रेनू पटेल ने खुद को अनाथ बताकर दशरथ पटेल से कोर्ट कैम्पस के शिव मंदिर में ब्याह रचाया।**

जब दूल्हा दशरथ बाइक से नई दुल्हन को घर ले जा रहा था, तो रास्ते में वह बोली कि मुझे बैठने में दिक्कत हो रही है। दशरथ ने जैसे ही बाइक रोकी, इतने में वो पीछे से आ रहे अपने प्रेमी भागचंद की बाइक पर बैठकर उसके साथ फरार हो गई। महिला गहने और कैश भी साथ ले गई।


लुटेरी दुल्हन की मौसी

जानकारी अनुसार ओमती थाना प्रभारी बघेल के मुताबिक भीमगढ़ छपरा सिवनी निवासी दशरथ पटेल की शादी जबलपुर में धनवंतरी नगर निवासी रेनू अहिरवार उर्फ रेनू पटेल उर्फ उर्मिला राजपूत से तय हुई थी। रेनू का रिश्ता उसके कथित चाचा अमर सिंह पटेल निवासी संजीवनी नगर और मौसी अर्चना बर्मन निवासी नेहरू नगर मेडिकल कॉलेज गढ़ा ने मिलकर कराया था। ठगों ने रेनू को अनाथ बताया था। दशरथ से कहा कि उन्होंने ही रेनू को बचपन से पाला-पोसा है। दशरथ सिवनी में स्कूल वैन की ड्राइविंग के साथ खेती करता है। जबलपुर ग्वारीघाट निवासी उसके चाचा जागेश्वर पटेल ने इस रिश्ते की बात अमर सिंह पटेल से चलाई थी।


सिवनी युवक के साथ लुटेरी दुल्हन रेनु

### दलाल ने लिया था झांसे में

जागेश्वर पटेल गढ़ा में एक होटल में काम करता है। यहां पर अमर सिंह पटेल आता रहता था। जागेश्वर ने अमर से भतीजे दशरथ के लिए रिश्ते की बात की थी। जिसके बाद अमर ने जागेश्वर को झांसे में लेकर कथित भतीजी रेनू का रिश्ता कराने की पहल की। फोटो दिखाया, जो जागेश्वर और उसके भतीजे दशरथ को पसंद आ गई। रेनू भी जागेश्वर के घर दो बार हो आई। दो दिन पहले शादी की बात फाइनल हुई। तय हुआ कि ग्वारीघाट में एक मंदिर से रेनू और दशरथ की शादी की जाएगी।

### ऐसे फंसाया जाल में

जानकारी अनुसार ठग गैंग ने पूरे प्लान के साथ 31 जनवरी को रेनू और अमर ने कहा कि शादी, मंदिर की बजाय कोर्ट में होगी। रेनू की खूबसूरती पर दशरथ पटेल फिदा हो चुका था। वह उसकी शर्त के अनुसार शादी को तैयार हो गया। उसने भी कोर्ट मैरिज की हामी भर दी। तय समय के अनुसार मंगलवार की दोपहर 3 बजे रेनू अपनी कथित मौसी अचज़्ना पटेल उर्फ अर्चना बर्मन, कथित चाचा अमर सिंह पटेल के साथ दशरथ को जबलपुर जिला कोर्ट परिसर में मिली।

### पकड़ में आई फर्जी मौसी तो खुल गयी कलई

जानकारी अनुसार दुल्हन के भागने के बाद पीड़ित परिवार ने लुटेरी दुल्हन की कथित मौसी अर्चना को पकड़कर शोर मचाया, तो वकील भी वहां पहुंच गए। इसके बाद वे उसे पकड़कर ओमती थाने ले आए। वहां पूछताछ में पता चला कि अर्चना पटेल का असली नाम अर्चना बर्मन है, वहीं रेनू पटेल का नाम उर्मिला अहिरवार है। पूछताछ के आधार पर कुछ देर बाद ओमती पुलिस ने उर्मिला को भी हिरासत में ले लिया। देर रात उसके प्रेमी भागचंद कोरी को भी गिरफ्तार कर लिया। फरार आरोपी अमर सिंह को तड़के पुलिस ने दबोचा। आरोपी के पास से 30 हजार रुपए जब्त हुए। पांच हजार रुपए उसने खर्च कर देना बताया। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ जारी है।



## रांझी में गुटका नहीं देने पर मार दिया चाकू : खून से लथपथ युवक पहुंचा थाने

**जबलपुर, यशभारत।** रांझी के शांति नगर में दरमियानी रात एक पान के टपरे में खड़े युवक को एक अज्ञात आरोपी ने गाल में चाकू मार दिया और मौके से फरार हो गया। दरअसल आरोपी, पीड़ित युवक से गुटखा मांग रहा था, लेकिन जब उसने देने से मना कर दिया और आरोपी गालीगलौच करने पर उतारु हो गया। जब उसने इसका विरोध किया तो चाकू से गाल और चेहरे पर हमला कर दिया। जिसके बाद आनन-फानन में युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, वहीं वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि संतोष पिता गंगाराम चौधरी 40 वर्ष ने बताया कि वह शांति नगर में रहता है। दरमियानी रात जब वह शांति नगर स्थित एक पान की दुकान में खड़ा था, उसी दौरान एक युवक बाइक से आया और उससे गुटखा मांगने लगा। जब उसने देने से मना किया तो आंव देखा ना तांव और दनादन चाकू से वार कर दिए। पुलिस आरोपी को सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है।

# दहेज में पति मांग रहा 2 लाख रुपए

**जबलपुर, यशभारत।** गोहलपुर के त्रिमूर्ति नगर में दहेज का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिसमें पति दहेज में दो लाख रुपयों की मांग कर रहा है और ना देने पर पत्नी को बंधक बना लिया। जिसके बाद पीड़िता ने अपने परिजनों को फोन पर सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने जैसे-तैसे पीड़िता को छुड़वाना। इसके बाद भी पति ने जमकर मारपीट कर, जान से मारने की धमकी दे रहा है। रोते हुए थाने पहुंची पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, आरोपियों की तलाश में जुटी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि प्राची सेन पनागर की निवासी है। जिसका विवाह एक वर्ष पहले सचिन सेन निवासी त्रिमूर्ति नगर से हिन्दू रीती रिवाज से हुआ था। लेकिन शादी के बाद से ही पति और सास संगीता सेन व ससुर अयोध्या प्रसाद सेन कम दहेज मिलने का उलाहना देने लगे।

**पत्नी को बंधक बनाकर घर पर रखा, परिजनों के पहुंचने पर छोड़ा, एफआईआर दर्ज**

### घर में बना लिया बंधक

पुलिस ने बताया कि पीड़िता ने शिकायत में बताया है कि उसके ससुराल वालों ने उसे दहेज लाने का दबाव डाला। जब उसने और दहेज लाने से मना कर दिया तो उसके साथ मारपीट की जाने लगी। लेकिन उसने समझाया ने की बहुत कोशिश की। तब भी लगातार उसे शारीरिक और मानसिक रुप से प्रताड़ित किया जाता रहा। इतना ही नहीं दहेज ना लाने पर उसे घर में ही बंधक बनाकर रखा गया। जिसके बाद उसने अपने परिजनों को फोन किया। तब कहीं जाकर वह दहेज लोभियों की गिरफ्त से छूट पाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

अठारहवीं पुण्यतिथि 02.02.2022
आज आपकी अठारहवीं पुण्यतिथि पर हम सपरिवार आपको श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।



श्रीमति गीता देवी सोनी
स्वर्गवास 2.2.2004
विनम्र श्रद्धांजलि- सुरेश सोनी (पति), सचिन सोनी (पुत्र) एवं समस्त नागौद परिवार जबलपुर
फर्म- नागौद आभूषण, नागौद लॉज, न्यू नागौद लॉज
फोन- 0761-2408591, 2610091, 4137771
मो.- 9424925767, 9424925768
पता- 178, लार्डगंज कठियाना, शहीद स्मारक जबलपुर




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )